The SUMMER न्यूज़

# समर एक्सप्रेस

www.summerexpress.in

सूर्योदय सुबह 7:09 बजे
सूर्यास्त शाम 5:25 बजे

R.N.I NO. CHMUL/25/A1155

• साल-1 • अंक-95 • पृष्ठ-8 • मूल्य-1 रूपये • बुधवार 10 दिसंबर 2025 • पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • ग्रुप एडिटर : अर्शदीप सिंह समर


## न्यूज़ ब्रीफ

### चीनी पर्यटक लद्दाख से हिरासत में

**कश्मीर**| वीजा नियमों का उल्लंघन कर लद्दाख और कश्मीर के सामरिक महत्व वाले इलाकों में घूमने पर 29 वर्षीय चीनी नागरिक हू कोंगताई को सुरक्षा एजेंसियों ने गिरफ्तार किया है। पर्यटक वीजा पर भारत आए हू ने प्रतिबंधित क्षेत्रों की यात्रा की और मोबाइल में सीआरपीएफ तैनाती से जुड़े सैन्य विषयों की खोज मिली। फोन से डेटा मिटाने की कोशिश भी पाई गई। तीन दिन लद्दाख में घूमने के बाद वह श्रीनगर में बिना पंजीकरण वाले गेस्ट हाउस में ठहरा। फिलहाल उसे पूछताछ के लिए हिरासत में रखा गया है और निर्वासन की संभावना जताई जा रही है।

### फंड रोकने से विकास नहीं रुकेगा: ममता

**कोलकाता**| पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को केंद्र पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी सरकार को किसी सहायता की आवश्यकता नहीं है और सभी कल्याणकारी योजनाओं को स्वतंत्र रूप से चलाना जारी रखेगी। उन्होंने एनआरसी और सीएए के प्रति अपने कड़े विरोध को भी दोहराया और घोषणा की कि बंगाल कभी भी डिटेंशन कैंप की अनुमति नहीं देगा। एक जनसभा को संबोधित करते हुए, बनर्जी ने कहा कि हमें केंद्र से किसी मदद की आवश्यकता नहीं है; हम सभी योजनाएँ स्वयं चला रहे हैं। परसों, उन्होंने (केंद्र ने) हमें एक नोटिस जारी कर 6 दिसंबर तक तिमाही श्रम बजट जमा करने को कहा था। लेकिन मैं कहना चाहती हूँ कि आपके नोटिस का कोई महत्व नहीं है।

### महिला का शव मिलने पर दो गांवों में इंटरनेट बंद

**ओडिशा**| ओडिशा के आदिवासी बहुल मलकानगिरी ज़िले में दो समुदायों के बीच तनाव और झड़पों के बाद मंगलवार शाम 6 बजे तक इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गईं। पुलिस के अनुसार, एक महिला का क्षत-विक्षत शव मिलने के बाद दो गांव—एमवी-26 और राखेलगुडा के बीच स्थिति बिगड़ गई। राखेलगुडा गांव की महिला पिछले सप्ताह लापता हो गई थी। 4 दिसंबर को उसका शव पास की नदी किनारे मिला। पुलिस और डॉग स्क्वाड उसके शरीर के अन्य हिस्सों की तलाश में जुटे हैं। हत्या के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। महिला की हत्या से नाराज़ ग्रामीणों ने पारंपरिक हथियारों के साथ प्रदर्शन किए।

## सिटीजन रिपोर्टर

*अब आप भी बन सकते हैं समर एक्सप्रेस के सिटीजन रिपोर्टर। अपने इलाके की कोई भी समस्या, आयोजन, जानकारी या खबर हमें भेजें। आपके नाम के साथ प्रकाशित की जाएगी। अपनी खबर इस फोन नंबर 7986630191 या ईमेल infosummerexpress@gmail.com पर भेजें।*

# वंदे मातरम् बोलने पर इंदिरा जी ने डाल दिया था जेल में; अमित शाह का कांग्रेस पर अब तक का सबसे बड़ा हमला

## संसद के दोनों सदनों में वंदे मातरम् और एसआईआर पर चर्चा में केंद्र सरकार और विपक्ष में हुई जमकर बहस

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**



राज्यसभा में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने पर हुई विशेष चर्चा के दौरान मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि इंदिरा गांधी के शासनकाल में वंदे मातरम् का दमन शुरू हुआ, जब इस गीत को बोलने पर लोगों को जेल में डाल दिया गया और अखबारों पर सेंसरशिप लगा दी गई। शाह के अनुसार, भारत में किसी भी महान रचना का वर्षगांठ पर सम्मानित होना एक परंपरा है, लेकिन वंदे मातरम् को वह सम्मान कांग्रेस नेतृत्व के कारण कभी नहीं मिल पाया। अमित शाह ने कांग्रेस के ऐतिहासिक रवैये को याद दिलाते हुए कहा कि वंदे मातरम् की 50वीं वर्षगांठ पर देश स्वतंत्र नहीं हुआ था। जब इसकी स्वर्ण जयंती आई, तब जवाहरलाल नेहरू ने इसे दो हिस्सों में बांटकर केवल दो छंदों तक सीमित कर दिया, जो राजनीतिक तुष्टिकरण का प्रतीक था। शाह के अनुसार, यदि कांग्रेस ने उस समय इस गीत को पूर्ण रूप से राष्ट्र की आत्मा के रूप में स्वीकार किया होता, तो भारत के विभाजन की दिशा बदल सकती थी। शाह ने विपक्षी नेताओं पर आरोप लगाया कि उन्होंने कई बार संसद में वंदे मातरम् गाने से इनकार किया और गीत शुरू होते ही सदन से बाहर चले गए। उन्होंने कहा, "उस समय इंडिया गठबंधन के कई नेताओं ने कहा था कि वे वंदे मातरम् नहीं गाएंगे। यह गीत किसी दल का नहीं, बल्कि पूरे देश की भावना का प्रतीक है।" गृह मंत्री ने महात्मा गांधी के कथन का उल्लेख करते हुए कहा कि गांधी जी ने वंदे मातरम् को राष्ट्र की 'शुद्धतम आत्मा' कहा था, लेकिन कांग्रेस ने इसे स्वीकारने के बजाय लगातार विवादों में उलझाया। शाह ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के दौरान यह गीत केवल एक रचना नहीं, बल्कि आज़ादी की प्रेरणा का स्रोत था। पहले त्रिवर्ण ध्वज पर भी 'वंदे मातरम्' स्वर्ण अक्षरों में अंकित था, जिसे श्यामजी कृष्ण वर्मा, मैडम भीखाजी कामा और वीर सावरकर ने डिजाइन किया था। उन्होंने यह भी कहा कि यह गीत केवल बंगाल या भारत तक सीमित नहीं रहा। दुनिया में जहां भी स्वतंत्रता आंदोलनों को प्रेरणा की जरूरत पड़ी, वंदे मातरम् की भावना को आदर्श माना गया। शाह ने कहा, "जब सीमा पर कोई भारतीय सैनिक प्राण त्यागता है, तब उसकी जुबान पर वंदे मातरम् होता है।" अमित शाह ने आगे कहा कि यह देखकर निराशा होती है कि आज कुछ नेता वंदे मातरम् को चुनावी नज़रिए से देखते हैं। उनकी टिप्पणी अप्रत्यक्ष रूप से कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के उस बयान से जुड़ी थी, जिसमें उन्होंने इस चर्चा को आगामी बंगाल चुनाव से जोड़ते हुए कहा था कि सरकार इस मुद्दे का राजनीतिक लाभ लेना चाहती है। शाह ने बिना नाम लिए उत्तर दिया कि जब 150वीं वर्षगांठ पर लोकसभा में चर्चा हो रही थी, तब गांधी परिवार के दोनों सदस्य मौजूद नहीं थे। शाह ने यह भी स्पष्ट किया कि भाजपा वंदे मातरम् के सम्मान की परंपरा को पुनर्जीवित करने के लिए लगातार प्रयास करती रही है। उन्होंने कहा कि 1992 में भाजपा सांसद राम नाइक और तत्कालीन विपक्ष के नेता लालकृष्ण आडवाणी के प्रयास से संसद में राष्ट्रगीत गाने की परंपरा दोबारा शुरू हुई। गृह मंत्री ने कहा कि अमृतकाल में वंदे मातरम् का गूंज भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का आह्वान बनेगी।

उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में जिस तरह वंदे मातरम् ने जन-मन को जोड़ा, उसी तरह आज यह भारत की नई पीढ़ी को आत्मनिर्भर, समृद्ध और सांस्कृतिक रूप से एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। अंत में शाह ने कहा कि वंदे मातरम् पर चर्चा केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि नई पीढ़ी को स्वतंत्रता संघर्ष की प्रेरणाओं और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का अवसर है। उन्होंने कहा कि उस दौर में भी यह चर्चा जरूरी थी, और आज भी है।

## चुनाव आयोग को SIR प्रक्रिया चलाने का कानूनी हक नहीं : मनीष तिवारी

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**



चुनाव सुधारों पर मंगलवार को लोकसभा में तीखी बहस देखने को मिली। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने निर्वाचन आयोग पर सीधे सवाल उठाते हुए कहा कि देशभर में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) को संचालित करने का आयोग के पास कोई स्पष्ट कानूनी आधार नहीं है। सदन में तिवारी ने कहा कि यह चिंता की बात है कि सांसदों को बार-बार निर्वाचन आयोग की विश्वसनीयता और निष्पक्षता पर संदेह व्यक्त करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव सुधारों का सबसे पहला कदम निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया को बदलना होना चाहिए।

• **चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति में बदलाव की मांग...** *तिवारी ने प्रस्ताव रखा कि चुनाव आयोग को चयन करने वाली समिति में सिर्फ सरकार ही नहीं, बल्कि विपक्ष और न्यायपालिका की भी भागीदारी जरूरी है। उन्होंने कहा कि समिति में लोकसभा में विपक्ष के नेता और भारत के मुख्य न्यायाधीश को शामिल किया जाना चाहिए, ताकि आयोग की नियुक्ति पारदर्शी और निष्पक्ष हो सके। तिवारी ने कहा कि कई राज्यों में मतदाता सूची का SIR किया जा रहा है, लेकिन निर्वाचन आयोग के पास इसे करने का वैधानिक आधार स्पष्ट नहीं है। उन्होंने पूछा- "जब कानून में SIR का प्रावधान ही नहीं है, तो चुनाव आयोग किस अधिकार के तहत इसे लागू कर रहा है?" इसके साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि SIR प्रक्रिया का उपयोग मतदाता सूची में डराने- धमकाने या छांटने के तरीके की तरह नहीं होना चाहिए। लोकसभा में यह चर्चा उन विपक्षी मांगों के बाद शुरू हुई है, जिनमें SIR पर विस्तृत बहस की मांग की जा रही थी। विपक्ष खास तौर पर यह आरोप लगा रहा है कि चुनाव आयोग की कार्यवाही मतदाता सूचियों में बड़ी विसंगतियों को जन्म दे रही है। कांग्रेस का आरोप है कि SIR प्रक्रिया के माध्यम से मतदाता सूची से "असल मतदाताओं को हटाने" का प्रयास हो रहा है। इस बहस में कई प्रमुख कांग्रेस नेताओं में मनीष तिवारी के अलावा, केसी वेणुगोपाल, वर्षा गायकवाड़, मोहम्मद जावेद, उज्ज्वल रमन सिंह, इमरान मसूद, गोवाल पदवी, एस. ज्योतिमणि, रवि मल्लू और ईसा खान जैसे सांसदों ने भी भाग लिया।*

## खड़गे बोले: रुपये पर भी चर्चा करें, वंदे मातरम् की आड़ में मुद्दों से न भागें



**नई दिल्ली**| राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भाषण की शुरुआत 'वंदे मातरम्' के नारे लगाकर की। इसके बाद खड़गे ने रुपया गिरने का मुद्दा उठाते हुए प्रधानमंत्री मोदी पर तंज कसा कि मोदी ने 2012 में मनमोहन सिंह से सवाल किया था कि रुपया क्यों गिर रहा है और इसे भ्रष्ट राजनीति का नतीजा बताया था। खड़गे ने पूछा, "तो क्या आज भ्रष्टाचार आपकी सरकार में बढ़ गया है? तब 55- 60 रुपये का डॉलर आज 100 के करीब है। अब जवाब कौन देगा?" इस पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने टोका कि चर्चा वंदे मातरम् पर हो रही है। खड़गे बोले कि कांग्रेस कार्यसमिति ने नेहरू, पटेल, नेताजी, मौलाना आजाद सहित सभी नेताओं की सहमति से वंदे मातरम् के केवल दो पद गाने का निर्णय लिया था। आप नेहरू पर हमला कर इन सभी का अपमान कर रहे हैं।"

## राहुल गांधी: चुनाव आयोग पर कब्जा, लोकतंत्र को नुकसान पहुंचा रही बीजेपी

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**



लोकसभा में चुनाव सुधारों पर चर्चा के दौरान राहुल गांधी ने केंद्र सरकार और आरएसएस पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि "आरएसएस सभी संस्थाओं पर नियंत्रण करना चाहती है। चुनाव आयोग को कब्जे में लिया जा रहा है और बीजेपी इसका चुनाव में इस्तेमाल कर रही है।" राहुल ने दावा किया कि मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति प्रक्रिया से मुख्य न्यायाधीश को हटाना लोकतंत्र पर हमला है। उन्होंने बताया कि वे इस बैठक में मौजूद थे और पीएम मोदी तथा गृह मंत्री अमित शाह ने यह परिवर्तन किया। राहुल ने कहा कि दिसंबर 2023 में नियम बदलकर यह प्रावधान कर दिया गया कि किसी भी चुनाव आयुक्त को दंडित नहीं किया जा सके। "यह बदलाव 2024 के लोकसभा चुनाव से ठीक पहले क्यों किया गया?" उन्होंने सवाल उठाया। राहुल ने यह भी कहा कि सीसीटीवी और डेटा संबंधी नियम बदलकर सत्ता के हित में उपयोग किए जा रहे हैं। "यह डेटा नहीं, चुनाव का सवाल है। इसके सबूत मेरे पास हैं। बीजेपी लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाने के लिए चुनाव आयोग का इस्तेमाल कर रही है।" उन्होंने दावा किया कि ED, CBI, IB और इनकम टैक्स विभाग को भी RSS के प्रभाव में इस्तेमाल किया जा रहा है। चर्चा में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भी आरोप लगाया कि सरकार और चुनाव आयोग SIR के नाम पर NRC जैसे काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि "यूपी में डिटेंशन सेंटर बनाए जा रहे हैं, और जो खुलकर नहीं कर सकते, वह SIR के माध्यम से किया जा रहा है।" TMC सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा कि SIR वोटों को डिलीट करने का हथियार बन गया है और चुनाव आयोग किसी की नागरिकता तय करने की संस्था नहीं है। "पांच लाख वोटर डिलीट, छह लाख डिलीट और बीजेपी जश्न मना रही है। यह लोकतंत्र के लिए खतरनाक संकेत है।

## इंडिगो संकट... केंद्र ने कहा-ज़िम्मेदारी तय होगी और यात्रियों की परेशानी बर्दाश्त नहीं

**नई दिल्ली**| नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू ने लोकसभा में इंडिगो की उड़ानों में आई अव्यवस्था पर



कहा कि विमानन सुरक्षा में कोई समझौता नहीं किया जा सकता और किसी भी एयरलाइन को यात्रियों को असुविधा देने की अनुमति नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बड़े पैमाने पर उड़ान रद्द होने के पीछे एयरलाइन की आंतरिक रोस्टरिंग संबंधी खामियां हैं।

▪ **इंडिगो की उड़ान क्षमता में 5% कटौती...**
परिचालन बाधित होने और यात्रियों की बढ़ती शिकायतों के बाद नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने इंडिगो को अपनी उड़ान क्षमता में 5% की कटौती करने का आदेश दिया है। इंडिगो को निर्देश दिया गया है कि वह 10 दिसंबर शाम 5 बजे तक नया संशोधित उड़ान कार्यक्रम पेश करे।

▪ **हफ्तों की अव्यवस्था के बाद IndiGo ने मांगी माफी, संचालन बहाल...** लगातार उड़ानों के रद्द होने और देरी से यात्रियों की परेशानी बढ़ाने के बाद इंडिगो एयरलाइंस ने अपना परिचालन स्थिर होने की घोषणा की। एयरलाइन के सीईओ पीटर एल्बर्स ने बयान जारी कर प्रभावित यात्रियों से माफी मांगी। उन्होंने कहा कि "बड़े परिचालन व्यवधान के कारण हम आपको निराश कर बैठे, और इसके लिए हमें खेद है।" एल्बर्स ने भरोसा दिलाया कि फंसे यात्रियों को सुरक्षित गंतव्य तक पहुंचाना एयरलाइन की पहली प्राथमिकता है।

## कांग्रेस का कलेश... नवजोत कौर Vs पंजाब कांग्रेस नेतृत्व

# भ्रष्ट और गैर-जिम्मेदार अध्यक्ष मंजूर नहीं: नवजोत कौर

• **कांग्रेस सांसद सुखजिंदर रंधावा के स्मगलरों से संबंध, राजस्थान में पैसों के बदले बेचे टिकट**

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

नवजोत सिंह सिद्धू की पत्नी और अमृतसर की पूर्व विधायक डॉ.



नवजोत कौर सिद्धू को कांग्रेस से निलंबित किए जाने के बाद पंजाब की राजनीति में भूचाल आ गया है। निलंबन के तुरंत बाद कौर ने पटियाला आवास में अपनी पहली प्रतिक्रिया देते हुए पंजाब प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि वह "असंवेदनशील, गैर- जिम्मेदार, नैतिक रूप से भ्रष्ट और बेईमान अध्यक्ष के साथ खड़े होने से इनकार करती हैं।" सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर उन्होंने लिखा, "मैं उन भाइयों-बहनों के साथ हूं जो उनकी अयोग्यता से आहत हैं। मैं उन्हें अध्यक्ष के रूप में स्वीकार नहीं करती। समझ नहीं आता कि मुख्यमंत्री उन्हें क्यों बचा रहे हैं।" कौर ने दावा किया कि उन्होंने वड़िंग से जुड़े मामलों की जानकारी प्रधानमंत्री कार्यालय, राज्यपाल, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को भेज दी है। पटियाला में मीडिया से बातचीत में भी नवजोत कौर के तेवर तीखे रहे। उन्होंने कहा, "मुझे जिस व्यक्ति ने सस्पेंड किया, उसे कोई नेता मानता ही नहीं। हाईकमान के साथ बात चल रही है, हम चोरों का साथ नहीं देंगे।" उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि "प्रदेश में कुछ नेता 5 से 10 हजार एकड़ तक की अवैध जमीनें दबाए बैठे हैं और सरकार उन्हें रेगुलर कर रही है। मैंने मुद्दा उठाया, इसलिए मुझे निशाना बनाया जा रहा है।" कांग्रेस सांसद सुखजिंदर रंधावा पर भी हमला करते हुए कौर ने कहा, "रंधावा के स्मगलरों से संबंध रहे हैं। राजस्थान में टिकट पैसों के बदले बेचे गए। अपनी पत्नी तक को नहीं जिता सके और सिद्धू की पीठ में छुरा घोंपा।" नवजोत सिंह सिद्धू की प्रतिक्रिया पर नवजोत कौर ने कहा कि उनके पति ने कहा, "तुम्हारा अपना दिमाग है, मैं अब राजनीति से दूर हूं। जो कहते थे, सिद्धू पार्टी को बर्बाद कर रहा है, अब 5–5 सीएम बनकर दिखाएं।" कौर ने दोहराया कि उन्होंने केवल यह कहा था कि उनसे कभी पैसे की मांग नहीं की गई।

## पेज 1 एंकर स्टोरी

### स्मार्ट बिजली मीटर लगाने पर किसान संगठनों का विरोध तेज

# किसान उतारेंगे स्मार्ट 'चिप वाले' बिजली मीटर

• **आज से पीएसपीसीएल दफ्तर में करेंगे जमा**

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**



पंजाब में स्मार्ट (चिप वाले) बिजली मीटर लगाने के खिलाफ किसान संगठनों ने विरोध तेज कर दिया है। राज्य भर में निरंतर लग रहे इन प्रीपेड स्मार्ट मीटरों का विरोध करते हुए किसान मज़दूर मोर्चा ने ऐलान किया है कि 10 दिसंबर से लोग अपने घरों में लगे चिप वाले मीटर खुद उतरवाकर PSPCL दफ्तरों में जमा कराएंगे। मोर्चा का कहना है कि सरकार बिजली विभाग को निजी हाथों में देने की तैयारी कर रही है, और स्मार्ट मीटर इसी नीति का हिस्सा हैं। इसीलिए जनता के विरोध को संगठित रूप देने के लिए यह अभियान शुरू किया जा रहा है। किसान मज़दूर मोर्चा के नेता दिलबाग सिंह ने बताया कि इस विरोध की शुरुआत पूरे राज्य में एक साथ होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि मीटर ज़बरदस्ती नहीं उतारे जाएंगे। "जो लोग चाहते हैं कि उनका चिप वाला मीटर उतारा जाए, वही हमसे संपर्क करें। उनका मीटर उतारकर PSPCL दफ्तर में जमा कर दिया जाएगा।" मोर्चा ने इसके लिए राज्य स्तरीय संपर्क नंबर भी जारी किए हैं।


### • किसान संगठनों का तर्क

*'रीचार्ज नहीं किया तो बिजली बंद' किसानों का कहना है कि चिप वाले मीटर पूरी तरह प्रीपेड सिस्टम पर आधारित हैं। यानी जैसे मोबाइल फोन में रिचार्ज खत्म होते ही नेटवर्क बंद हो जाता है, वैसा ही बिजली के साथ होगा। रात में रिचार्ज खत्म हो गया और तुरंत पैसे नहीं हैं, तो बिजली बंद हो जाएगी। 90% लोग समय पर रिचार्ज नहीं कर पाएंगे। किसानों का आरोप है कि इससे घरों, दफ्तरों, पढ़ाई और अस्पतालों में अचानक बिजली कटने जैसी समस्याएं बढ़ेंगी और आम जनता परेशान होगी। दिलबाग सिंह ने कहा कि यदि स्मार्ट मीटर उतारने को लेकर PSPCL किसी के खिलाफ कार्रवाई करता है तो इसकी ज़िम्मेदारी किसान मज़दूर मोर्चा की होगी।*

▪ **अब आगे क्या होगा...** *10 दिसंबर से शुरू होने वाला यह विरोध पंजाब सरकार और PSPCL के लिए चुनौती बन सकता है क्योंकि स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया तेज़ी से जारी है। किसान यूनियनें इसे जनता के हितों के खिलाफ बता रही हैं, जबकि सरकार इसे बेहतर बिजली प्रबंधन का कदम कह रही है। अब देखना होगा कि यह विरोध कितना व्यापक रूप लेता है और सरकार इसकी प्रतिक्रिया में क्या कदम उठाती है।*

## भाजपा नेता जाखड़ ने हाईकोर्ट निगरानी में जांच की मांग उठाई

**चंडीगढ़**| भाजपा नेता सुनील जाखड़ ने इस विवाद के बीच मुख्यमंत्री भगवंत मान से मांग की है कि प्रदेश में



भ्रष्टाचार की जड़ तक पहुंचने के लिए पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की निगरानी में जांच कराई जाए। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार "समाज का नासूर" बन चुका है और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता खुद एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगा रहे हैं। जाखड़ ने चुनौती दी, "आप कहते हैं फाइलें हैं, तो उन्हें खोला क्यों नहीं जाता? सभी नेताओं की जांच हो—मेरा भी नाम शामिल करें।"

# सांसद सुखजिंदर रंधावा ने नवजोत कौर को भेजा नोटिस, सात दिन में माफी मांगो

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

पंजाब कांग्रेस में बढ़ती अंदरूनी कलह के बीच अब मामला कानूनी मोर्चे पर पहुंच गया है। कांग्रेस सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा ने पूर्व विधायक डॉ. नवजोत कौर सिद्धू को मानहानि नोटिस भेजा है। रंधावा ने उनसे मांग की है कि "गैंगस्टरों से लिंक होने और टिकट बेचने" के आरोपों पर सात दिनों के भीतर सार्वजनिक माफी मांगी जाए, अन्यथा वह अदालत में मुकदमा दायर करेंगे। यह नोटिस उस बयान के बाद भेजा गया है, जिसमें कौर ने आरोप लगाया था कि "रंधावा के गैंगस्टरों से संबंध रहे और उन्होंने राजस्थान में टिकट पैसों पर बेचे, जिससे कांग्रेस को



नुकसान हुआ।" नोटिस में इन आरोपों को "झूठा, निराधार और बदनामी वाला" बताया गया है।

▪ **अस्पताल से अपना इलाज कराएं नवजोत कौर: प्रताप सिंह बाजवा...**
विधायक प्रताप सिंह बाजवा ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उन्हें लगता है कि नवजोत कौर सिद्धू को किसी अच्छे अस्पताल में जाकर जल्द ही अपनी जांच करवानी चाहिए।

▪ **कांग्रेस में तनाव बरकरार...**
पार्टी सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस हाईकमान मामले की समीक्षा कर रहा है, लेकिन अनुशासनहीनता पर सख्ती बरकरार रहेगी। दूसरी ओर, नवजोत कौर लगातार सोशल मीडिया पर अपने आरोप दोहरा रही हैं और दावा कर रही हैं कि उनके पास "साक्ष्य मौजूद हैं।" राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि 2027 विधानसभा चुनाव से पहले यह विवाद पंजाब कांग्रेस को गहरे संकट में धकेल सकता है। फिलहाल, निलंबन, आरोपों और कानूनी नोटिस के बीच पार्टी में संघर्ष थमता हुआ नहीं दिख रहा।

# पीएम मोदी : कानून का उद्देश्य जनता को बोझ देना नहीं, उनकी समस्याएं कम करना होना चाहिए

## एनडीए सांसदों की बैठक में पीएम की सांसदों को सलाह : रिजिजू

समर न्यूज़ | नई दिल्ली



एनडीए सांसदों के साथ बैठक में मौजूद नरेंद्र मोदी। फोटो- समर न्यूज़

इंडिगो संकट के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरकार को स्पष्ट संदेश दिया है कि ऐसे किसी भी नियम या कानून की कोई जगह नहीं होनी चाहिए, जिससे नागरिकों को अनावश्यक दिक्कतें झेलनी पड़ें।
मंगलवार को एनडीए सांसदों की बैठक में प्रधानमंत्री का स्वागत बिहार विधानसभा चुनाव में गठबंधन की जीत पर बधाई के साथ किया गया। बैठक की जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि प्रधानमंत्री ने सांसदों से कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों के जीवन को सरल और सुगम बनाने पर फोकस करें।
रिजिजू ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने बैठक में कहा कि सुधार सिर्फ कागज़ों पर नहीं, आम लोगों के जीवन में दिखाई देने चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों, प्रक्रियाओं और नियमों का उद्देश्य जनता को बोझ देना नहीं, बल्कि उनकी समस्याएं कम करना होना चाहिए।
प्रधानमंत्री ने सांसदों को संदेश दिया कि नियम और कानून जरूरी हैं, पर इनका इस्तेमाल जनता को परेशान करने के लिए नहीं किया जा सकता।
**इंडिगो संकट की पृष्ठभूमि में टिप्पणी महत्वपूर्ण** : प्रधानमंत्री की यह टिप्पणी उस समय आई है, जब इंडिगो एयरलाइंस के परिचालन में लगातार देरी और रद्दीकरण के कारण यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। संकट आठवें दिन भी जारी रहा और मंगलवार को दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और बेंगलुरु के हवाई अड्डों पर भी कई उड़ानें रद्द की गईं। इसी बीच, सरकार और डीजीसीए के अधिकारी आज इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स से मुलाक़ात कर स्थिति की समीक्षा करने वाले हैं।
रिजिजू के मुताबिक, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जनता को सरकारी प्रक्रियाओं से मुश्किल नहीं होनी चाहिए।
हर क्षेत्र में सुधार आम नागरिक की सुविधा बढ़ाने के लिए होना चाहिए। सांसदों की प्राथमिकता जनता का जीवन बेहतर बनाना है

# अस्पताल के बाहर चाय की दुकान में बिक रहा नशा

## पुलिस ने व्यक्ति को पकड़ा, नशीले कैप्सूल बरामद

समर न्यूज़ | जलालाबाद




दुकान में बिक रहा नशा। - समर न्यूज़

जलालाबाद के सरकारी अस्पताल के बाहर चाय की दुकान की आड़ में नशीले कैप्सूल बेचे जाने का मामला सामने आया। जिसकी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दी गई। जिसमें एक व्यक्ति नशीले कैप्सूल लोगों को दे रहा है । हालांकि यह वीडियो पुलिस के पास पहुंची तो पुलिस ने इस मामले में कार्यवाही हुए करते हुए उक्त व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है । जिससे 10 पत्ते प्रेगा कैप्सूल भी बरामद हुए हैं ।
जलालाबाद के डीएसपी गुरसेवक सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर दी गई । जो फाजिल्का के सरकारी अस्पताल के बाहर की बताई जा रही थी । जिसमें यह बताया गया कि सरकारी अस्पताल के बाहर चाय दूध की दुकान लगाने वाले शख्स द्वारा नशीले कैप्सूल बेचे जा रहे हैं। जब उनके ध्यान में यह मामला आया तो उन्होंने तुरंत थाना अमीर खास एसएचओ को इस पर कार्यवाही करने के आदेश दिए। जिस पर थाना अमीर खास एसएचओ जुगराज सिंह द्वारा कार्रवाई करते हुए उक्त नशा बेचने वाले शख्स को गिरफ्तार कर लिया गया है । जिसके कब्जे से पुलिस ने 10 पत्ते प्रेगा कैप्सूल भी बरामद किए है। फिलहाल आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है । डीएसपी ने कहा कि नशे के खिलाफ पुलिस सख्त है।

# दुकानदार की हत्या करने वाला शूटर पुलिस मुठभेड़ में मारा गया

समर न्यूज़ | तरनतारन



मारा गया आरोपी। - समर न्यूज़

एक दिसंबर की दोपहर दो बजे करियाना दुकानदार दलजीत सिंह की गोलियां मारकर हत्या करने वाले शूटर सुखबीर सिंह को पुलिस ने सोमवार देर रात साढ़े दस बजे हुई मुठभेड़ यह मुठभेड़ गोइंदवाल साहिब में उस समय हुई जब पुलिस ने रात को एक नाके के दौरान रुकने का इशारा किया तो कार सवार ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी और फरार हो गया। आरोपित की ओर से की गई फायरिंग में सीआइए स्टाफ के प्रभारी इंस्पेक्टर प्रभजीत सिंह और पंजाब होमगार्ड के जवान गुरविंदर सिंह जख्मी हो गए। नाका तोड़ फरार हुए आरोपित को पुलिस टीम ने पीछा कर घेरा
तो दोनों तरफ से हुई मुठभेड़ के बाद वह मारा गया। मौके से एक पिस्टल, एक कार बरामद की गई है। देर रात घटना स्थल पर फिरोजपुर रेंज के डीआइजी स्नेहदीप शर्मा, तरनतारन के एसएसपी सुरिंदर लांबा, एसपी सुखनिंदर सिंह और अन्य पुलिस अधिकारी पहुंचे व मौके की जांच की। डीआइजी स्नेहदीप शर्मा ने बताया कि मुठभेड़ में मारा गया शूटर पहले भी कई वारदातों को अंजाम दे चुका था। उसने एक दिसंबर को उसने तरनतारन जिले के गांव भुल्लर में दोपहर के समय करियाना स्टोर मालिक की दो युवकों ने गोलियां मारकर हत्या कर दी थी।

# कानपुर में नकली दवा कारोबार का भंडाफोड़

समर न्यूज़ | पंजाब

औषधि विभाग और लुधियाना नारकोटिक्स टीम ने रोड पर छापा मारा, 28.85 लाख रुपये नकद और 5 लाख रुपये की नकली एंटीबायोटिक्स सहित दवाएं जब्तकानपुर की तंग गलियों में चल रहे नकली दवा निर्माण के गढ़ पर मंगलवार को औषधि विभाग ने लुधियाना नारकोटिक्स टास्क फोर्स के साथ मिलकर कार्रवाई की। श्री लक्ष्मी फार्मा मेडिकल एंड सर्जिकल की दुकान के ऊपर तीसरी मंजिल पर छापा मारे जाने पर 28.85 लाख रुपये नकद, नोट गिनने की मशीन और पांच लाख रुपये कीमत की नकली एंटीबायोटिक्स, डीएसआर दवा तथा इंजेक्शन बरामद हुए।जांच के दौरान दुकानदार राहुल अग्रवाल भाग गया जबकि उसकी पत्नी से पूछताछ जारी है। नकली दवा की पांच सैंपल जांच के लिए भेजे गए हैं।

# पैंग्यो टेक्नो वैली की तर्ज पर मोहाली को विकसित करने की घोषणा

## बुनियादी ढांचा विकासः सड़क, पुल, बंदरगाह, हवाई अड्डे और स्मार्ट सिटी निर्माण में संभावनाएं

समर न्यूज़ | चंडीगढ़




मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के साथ चेयरमैन जंग वॉन जू। - समर न्यूज़

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज दक्षिण कोरिया की अग्रणी कंपनियों डैवू इंजीनियरिंग एवं निर्माण, जी.एस. इंजीनियरिंग एवं निर्माण, नॉन्गशिम, कोरिया रक्षा उद्योग संघ, सियोल व्यवसाय एजेंसी तथा अन्य अनेक कंपनियों को राज्य में निवेश करने का आमंत्रण दिया।
दक्षिण कोरिया दौरे के दौरान मुख्यमंत्री ने डैवू इंजीनियरिंग एवं निर्माण के चेयरमैन जंग वॉन जू से मुलाक़ात की और नवोन्मेषी ऊर्जा परियोजनाओं समुद्री पवन ऊर्जा संयंत्र, सौर ऊर्जा संयंत्र तथा हरित हाइड्रोजन उत्पादन में सहयोग का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि ऊर्जा संबंधी बुनियादी ढांचे तरलीकृत प्राकृतिक गैस टर्मिनल, पेट्रो-रासायनिक परिसर, उर्वरक संयंत्र तथा आधुनिक आवासीय और शहरी विकास परियोजनाओं, स्मार्ट नगर परियोजनाओं, और सड़क, पुल, रेल, बंदरगाह व हवाई अड्डों से संबंधित सिविल ढांचे में सहयोग की अपार संभावनाएं हैं। मुख्यमंत्री ने मॉड्यूलर तथा पूर्व-निर्मित ढांचों की आधुनिक निर्माण तकनीक में तकनीकी आदान-प्रदान की आवश्यकता पर भी बल दिया ताकि तेज़ और किफायती निर्माण मॉडल विकसित किए जा सकें।
डैवू इंजीनियरिंग एवं निर्माण जैसी विश्वविख्यात अवसंरचना कंपनी के साथ रणनीतिक बैठक के दौरान उन्होंने पंजाब की मजबूत औद्योगिक गति, आधुनिक बुनियादी ढांचों के निर्माण हेतु चल रहे प्रमुख प्रयासों तथा "निवेश पंजाब" प्रणाली के अंतर्गत विशेष संयुक्त निरीक्षण ढांचे की जानकारी साझा की। उन्होंने वैश्विक उद्योग समूह को पंजाब में व्यापक आधारभूत विकास, आधुनिक निर्माण प्रौद्योगिकियों को अपनाने और प्रस्तावित औद्योगिक नगरों में संभावनाओं की खोज करने हेतु प्रोत्साहित किया। उन्होंने पर्यावरण-अनुकूलता के वैश्विक मानकों के अनुरूप चलने वाली पहलों ईएसजी प्रतिबद्धताओं और हरित हाइड्रोजन कार्यक्रमों में साझा प्रयासों पर भी ज़ोर दिया। इसके बाद हुई बैठक में मुख्यमंत्री ने जी.एस. इंजीनियरिंग एवं निर्माण के वाइस चेयरमैन यंग हा युं से मुलाक़ात की। उन्होंने सौर, पवन और हाइड्रोजन जैसी नव्य ऊर्जा परियोजनाओं; सड़क, पुल और स्मार्ट नगर जैसी आधारभूत परियोजनाओं; तथा औद्योगिक परिसरों एवं अभिकल्प-खरीद-निर्माण (ई.पी.सी.) सेवाओं के क्षेत्र में समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने मॉड्यूलर निर्माण तकनीक और हरित हाइड्रोजन तथा स्वच्छ ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में विशाल संभावनाओं का उल्लेख किया और राज्य सरकार की ओर से हर प्रकार के सहयोग का आश्वासन दिया। नॉन्गशिम होल्डिंग्स के साथ बैठक में मुख्यमंत्री ने खाद्य एवं प्रसंस्कृत खाद्य उद्योग में संयुक्त कार्य का प्रस्ताव रखा। उन्होंने भारतीय स्वादानुसार नवीन त्वरित-पकवान (इंस्टैंट) नूडल्स के नए संस्करण विकसित करने की आवश्यकता बताई, साथ ही भारत की सुपरमार्केट श्रृंखलाओं और ई-वाणिज्य मंचों पर इनके वितरण के विस्तार पर भी चर्चा की। उन्होंने युवा वर्ग और स्वास्थ्य-सचेत उपभोक्ताओं तक ब्रांड की पहुँच बढ़ाने, स्थानीय आपूर्तिकर्ताओं के साथ पर्यावरण-हितैषी पैकेजिंग समाधान विकसित करने तथा दीर्घकालिक उपयोग योग्य खाद्य पदार्थ और पौध-आधारित विकल्पों पर अनुसंधान में साझेदारी की वकालत की। कोरिया रक्षा उद्योग संघ (के डी आई ए) के वाइस चेयरमैन ली सुंग क्यू से बातचीत में मुख्यमंत्री ने रक्षा निर्माण, रक्षा-तकनीक के आदान-प्रदान, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रोबोटिक्स और मानव-रहित प्रणालियों जैसी उन्नत सैन्य तकनीकों में सहयोग की आवश्यकता पर चर्चा की। उन्होंने सायबर सुरक्षा तथा कौशल-विकास कार्यक्रमों में साझा प्रयास करके रक्षा निर्माण क्षेत्र में दक्ष जनशक्ति तैयार करने की संभावनाओं पर भी बल दिया।

# जालंधर के स्वर्ण पार्क में घर में भीषण आग

समर न्यूज़ | जालंधर



जला हुआ सामान। - समर न्यूज़

जालंधर के कपूरथला चौक के पास स्वर्ण पार्क में एक घर में भयानक आग लग गई। आग लगने के बाद आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया। जिसके बाद आग लगने की सूचना आसपास के लोगों ने दमकल विभाग को दी।
सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ियां आग बुझाने के लिए मौके पर पहुंची और आग बुझाने के प्रयास में दमकल विभाग के कर्मचारी जुट गए। जिसके बाद आग पर काबू पा लिया गया। इस घटना में घर में रखे सामान जलकर राख हो गया।
जिससे काफी नुकसान हुआ है। थाना नंबर 2 के एसएचओ जसविंदर सिंह गिल ने मामले संबंधी जानकारी देते हुए बताया कि मुझे काल आई कि स्वर्ण पार्क एरिया में एक घर में आग लग गई। इसके तुरंत बाद पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। फिलहाल आग पर काबू पा लिया गया है। इसके बाद कहा कि घटना संबंधी जानकारी हासिल की जा रही है। दमकल विभाग के लीडिंग फायरमैन नरेश कुमार ने बताया कि रात के समय उन्हें आग लगने की सूचना मिली थी। उन्हें सूचना मिली थी कि स्पोर्ट्स कॉलेज के सामने स्वर्ण पार्क इलाके में घर में भयानक आग लगी है। उन्होंने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशकत के बाद टीम के साथ मिलकर आग पर काबू पा लिया है।
उन्होंने कहा कि पारिवारिक सदस्य के अनुसार घर में ज्योत जलाई गई थी, जिसके गिरने की वजह से आग लगी है। उन्होंने कहा कि घटना में जाने नुकसान का बचाव रहा है लेकिन घर का सारा सामान जल गया।

# बाड़मेर में किसानों का ट्रैक्टर मार्च, कलेक्ट्रेट घेराव की तैयारी

## रोक-टोक के बावजूद डीजे पर नाचते हुए प्रदर्शन जारी

समर न्यूज़ | बाड़मेर



अनुदान, फसल मुआवजा, बिजली और जंगली जानवरों की समस्या समाधान न मिलने पर प्रदर्शन की चेतावनी, प्रशासन पर किसानों को झुकाने का दावा। बाड़मेर के किसानों ने गुड़ामालानी से करीब 200 ट्रैक्टर लेकर जिला कलेक्ट्रेट घेराव के लिए कूच शुरू कर दिया है। पहले तीन बार पुलिस और प्रशासन ने रैली को रोकने की कोशिश की, लेकिन किसान डटे रहे और डीजे पर नाचते हुए जोरदार प्रदर्शन कर रहे हैं। किसानों की मुख्य मांगों में फसल अनुदान, मुआवजा, बिजली आपूर्ति और जंगली जानवरों से सुरक्षा शामिल है।किसानों ने 5 दिसंबर को एसडीएम को मांग-पत्र सौंपा था और 9 दिसंबर तक समाधान का अल्टीमेटम दिया था। लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जिससे किसान सड़क पर उतर आए हैं।गुडामालानी कृषि विज्ञान केंद्र की जमीन पर भूमाफिया के कब्जे, फसल बीमा क्लेम में देरी और प्रशासन-बीमा कंपनियों के मिलावट का आरोप भी प्रदर्शन का कारण बना है। किसान संघ ने कहा कि बीमा क्लेम के लिए हजारों करोड़ रुपए प्रीमियम के रूप में जमा करने के बावजूद किसानों को भुगतान नहीं मिल रहा, और प्रशासन इसमें भूमिका निभा रहा है।

# जालंधर बैट फैक्ट्री में युवक की मौत

समर न्यूज़ | जालंधर

जालंधर के लेदर कॉम्प्लेक्स में स्थित बैट फैक्ट्री में काम करने वाले 45 वर्षीय तरुण कुमार की मौत मिस्ट्री में घिरी हुई है। घटना सोमवार, 8 दिसंबर शाम लगभग 6 बजे हुई बताई जा रही है, लेकिन परिवार को रात 9 बजे एक्सीडेंट की सूचना दी गई। सूचना मिलने पर परिवार सिविल अस्पताल पहुंचा, जहां युवक की मौत की पुष्टि की गई। हालांकि, डेडबॉडी पर चोट के कोई निशान नहीं पाए गए, जिससे मौत के कारणों पर सवाल खड़े हो गए हैं।
परिवार ने बताया कि तरुण छह महीने पहले ही फैक्ट्री में काम पर लगा था। घटना के बाद फैक्ट्री की तरफ से अस्पताल तक कोई नहीं पहुंचा। पुलिस को घटना की जानकारी दे दी गई है और फैक्ट्री के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जाने की बात कही जा रही है।

# वोटर लिस्ट विवाद, कोर्ट का सोनिया गांधी को नोटिस

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

राउज़ एवेन्यू स्थित सत्र न्यायालय ने मंगलवार को सोनिया गांधी को एक पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई करते हुए नोटिस जारी किया। यह पुनरीक्षण याचिका मजिस्ट्रेट के सितंबर के उस आदेश को चुनौती देती है जिसमें 1980-81 की मतदाता सूची में सोनिया गांधी को गलत तरीके से शामिल करने का आरोप लगाने वाली एक शिकायत को खारिज कर दिया गया था। सत्र न्यायाधीश विशाल गोगने ने पुनरीक्षणकर्ता की ओर से प्रारंभिक प्रस्तुतियां सुनने के बाद यह निर्देश दिया।
पुनरीक्षणकर्ता विकास त्रिपाठी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता पवन नारंग ने तर्क दिया कि इस मामले पर पुनर्विचार आवश्यक है क्योंकि रिकॉर्ड में प्रस्तुत सामग्री से संकेत मिलता है कि भारतीय नागरिक बनने से पहले सोनिया गांधी का नाम मतदाता सूची में दर्ज करने के तरीके में गंभीर अनियमितताएं थीं। उन्होंने दलील दी कि "1980 की मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए कुछ दस्तावेजों में जालसाजी और हेराफेरी की गई होगी," और इस बात पर ज़ोर दिया कि बाद में उनका नाम हटा दिया गया और फिर जनवरी 1983 में दायर एक आवेदन के आधार पर 1983 में फिर से दर्ज किया गया। उनके अनुसार, दोनों ही घटनाएँ उनके नागरिकता प्राप्त करने से पहले की हैं। नारंग ने तर्क दिया कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम स्पष्ट रूप से केवल भारत के नागरिक को ही मतदाता के रूप में नामांकित करने की अनुमति देता है, और इसलिए, प्रविष्टियों ने न्यायिक जांच की आवश्यकता वाले प्रश्न उठाए हैं। प्रारंभिक शिकायत मतदाता सूची की क्लिप वाले एक लेख पर आधारित थी। लेकिन संशोधनकर्ता ने अब चुनाव आयोग से सत्यापित प्रतियाँ प्राप्त कर ली हैं, जिन्हें दावे की पुष्टि के लिए रिकॉर्ड में रखा गया है।

# दिलजीत की फिल्म की शूटिंग के दौरान हंगामा

समर न्यूज़ | पटियाला

पटियाला के किला चौक इलाके में मंगलवार सुबह दिलजीत दोसांझ की फिल्म की शूटिंग के दौरान भारी भीड़ जमा हो गई, जिससे हालात बिगड़ गए। फिल्म में विशेष माहौल दिखाने के लिए दुकानों के बाहर उर्दू में बोर्ड लगाए गए थे। जब स्थानीय दुकानदार अपनी दुकान खोलने पहुंचे, तो सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें अंदर जाने से रोका, जिससे विवाद की स्थिति बन गई। विरोध प्रदर्शन और बहस के बीच मौके पर पहुंची पुलिस ने तुरंत हस्तक्षेप किया और दोनों पक्षों को समझाइश देकर स्थिति को नियंत्रण में लिया।किला चौक और आसपास के क्षेत्रों में पिछले कई दिनों से लगातार शूटिंग चल रही है, जिसमें फिल्म निर्देशक इम्तियाज अली भी टीम के साथ मौजूद हैं। पटियाला का ऐतिहासिक बाजार और विरासत स्थल फिल्म निर्माताओं के लिए आकर्षण का केंद्र हैं।

# पिस्तौल दिखा पंप के कर्मियों से 2 लाख लूटे

## सीसीटीवी कैमरा में कैद हुई लूट की वारदात



सीसीटीवी फुटेज में दिखाई देते आरोपी। - समर न्यूज़


समर न्यूज़ | जालंधर

जालंधर देहात के थाना लांबड़ा के अंतर्गत आते गांव धालीवाल कादियां स्थित काला संघिया रोड पर बने हिंदुस्तान पेट्रोलियम पेट्रोल पंप पर सोमवार रात करीब आठ बजे दो लुटेरे पिस्तौल के बल पर दो लाख रुपये लूट कर फरार हो गए। लूट की वारदात पास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। पेट्रोल पंप पर काम करने वाले युवकों ने वारदात के बाद लुटेरों का विरोध करते हुए पीछा भी किया लेकिन लुटेरों ने पिस्तौल दिखा जान से मारने की धमकी दी और भाग गए। जिसकी शिकायत पुलिस को दी और मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई। पेट्रोल पंप कर्मचारी हर्ष चोपड़ा ने पुलिस को बताया कि घटना रात करीब आठ बजे की है। उस समय पंप पर कुल चार कर्मचारी मौजूद थे, तभी दो अज्ञात व्यक्ति पैदल पंप पर आए और पिस्तौल दिखाकर कर्मचारियों को जान से मारने की धमकी देने लगे। उन्होंने दो कर्मचारियों के साथ मारपीट की और उन्हें एक कमरे में बंद कर दिया। इसके बाद लुटेरे करीब दो लाख रुपये नकद लूटकर खेतों की ओर फरार हो गए, जिसकी सूचना उन्होंने थाना लांबड़ा पुलिस को दे दी। पीड़ित पक्ष की एसएसपी से अपील है कि लुटेरों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए और उन्हें न्याय दिलाया जाए, वहीं थाना लांबड़ा के जांच अधिकारी एसआई गुरमीत राम ने बताया कि उन्हें कंट्रोल रूम पर सूचना मिली थी कि पेट्रोल पंप दो लुटेरे लूट कर भागे हैं। उनकी टीम मौके पर पहुंची है और घटनास्थल के आस पास लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाला जा रहा है। वह जल्द ही वे लुटेरों को गिरफ्तार कर लेंगे।

**नशा** | साहिब हमारा नशा छुड़वा दो, दस वर्षों से पी रहे चिट्टा, सब बर्बाद हो गया

# फाजिल्का सदर पुलिस के पास पहुंचे तीन युवक

समर न्यूज़ | फाजिल्का



पुलिस के पास पहुंचे तीन युवक। - समर न्यूज़

फाजिल्का सदर पुलिस द्वारा तीन युवकों को सरकारी अस्पताल लाया गया है। जहां उन्हें दवा दिलाई जा रही है। वहीं इन तीनों युवकों को नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती करवाया जाएगा। पुलिस का कहना है कि तीनों युवक नशे के आदी हैं। जो पिछले 10 वर्षों से चिट्टे का सेवन करते आ रहे थे। अब वह नशा छोड़ना चाहते हैं। जिसके लिए उन्होंने पुलिस तक पहुंच की और पुलिस उन्हें नशा मुक्ति केंद्र में दाखिल करवा यह प्रयास कर रही है। पुलिस के मुताबिक और भी युवा आगे आए जो नशे के आदी हैं। जिनका नशा छुड़वाया जाएगा। जबकि नशा बेचने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है।
जानकारी देते हुए पुलिस अधिकारी सुरेश कुमार ने बताया कि तीन युवक पुलिस के पास आए और जिन्होंने कहा कि वह नशा छोड़ना चाहते हैं। और पिछले 10 वर्षों से नशे के आदी हैं । इसके बाद पुलिस पार्टी ने उक्त लोगों के गांव में संपर्क कर विलेज डिफेंस कमेटी की मदद से तीनों युवकों को दवाई दिलाने के लिए फाजिल्का के सरकारी अस्पताल लाया गया है। जहां पर डॉक्टर द्वारा उनका इलाज किया जा रहा है। और इन्हें अब फाजिल्का के नशा मुक्ति केंद्र में छोड़ा जाएगा। पुलिस अधिकारी सुरेश कुमार का कहना है कि उक्त युवक नशे का आदी होने के कारण अपने घर का काफी नुकसान कर चुके हैं। तीनों युवक मेहनत मजदूरी का काम करते हैं। और जो कुछ भी कमाते थे नशे में बर्बाद करते थे। तीनों विवाहित हैं। और अब अपने परिवार का ध्यान करते हुए वह नशा मुक्त जिंदगी में लौटना चाहते हैं। जिसके लिए पुलिस उन्हें नशा मुक्ति केंद्र में दाखिल करवा रही है।

www.summerexpress.in


# समर प्राइम 3

10 दिसंबर 2025

समर एक्सप्रेस

## मैं बोलूंगा तो...

### उड़ानें अटकीं, ट्रेनें भटकीं जनता फंसी, सरकार 'दिखी'!



समर न्यूज | लुधियाना

देश में इन दिनों एक अजब तमाशा चल रहा है—इंडिगो एयरलाइंस ने ऐसा कलाबाज़ी वाला संकट किया है कि लोग हवाई यात्रा करने निकले थे, लेकिन वहीं एयरपोर्ट पर घंटों बैठकर ध्यान योग, मेडिटेशन और 'कब उड़ेंगे?' जैसी आध्यात्मिक साधनाएँ करने लगे।

इधर विमान उड़ नहीं रहे, उधर यात्रियों की उम्मीद उड़-उड़कर गिर रही है। उधर सरकार बोली—"जनता की मदद करेंगे!", और रेलवे तुरंत सुपरहीरो बनकर मैदान में कूद गया, 89 स्पेशल ट्रेनें लगा दीं, बिल्कुल उसी अंदाज़ में जैसे घर में पंखा खराब हो जाए और मम्मी बोले—लो, ये 15 चप्पलें, हवा खुद कर लो।

अब समस्या ट्रेन की नहीं, यात्रा की है। सरकार सोचती है कि जो आदमी 50,000 रुपये देकर हवाई टिकट खरीदता है, वह अचानक 650 रुपये की स्लीपर में जा बैठेगा। साहब, जो प्लेन में जूस मांगता है, वह ट्रेन में समोसा + पिक्चर + मच्छर सेवा कैसे झेल पाएगा? रेलवे अधिकारी बेचारे एयरपोर्ट में जिस कोने में बैठे हैं, वो इतना 'गोपनीय' है कि अगर कोई वहां पहुंच जाए, तो उसे काबिल-ए-तारीफ जासूस घोषित कर इंटरपोल में भेज देना चाहिए।

जनता वहाँ तक पहुँच नहीं पाती, सुरक्षा गार्ड पूछता है—"ट्रेन बुक करानी है या पोकेमॉन ढूंढ रहे हो?" इंडिगो वाले कह रहे हैं—"रोस्टर बिगड़ गया, इसलिए उड़ानें रद्द।" मतलब, विमान नहीं उड़ेंगे क्योंकि कागज़ पर ड्यूटी लिस्ट ग़लत लिखी थी। वाह! इतनी आसानी से अगर सब चलता, तो बैंक घोटाले में भी लिख दिया होता—"गलती से पैसा गलत अकाउंट में चला गया।"

पर असली मसाला तो यह है कि जनता अब भी एयरपोर्ट में चाय पीते-पीते अपने उड़ने के सपने देख रही है, और रेल की बोगियाँ 400 सीट खाली लेकर ऐसे जा रही हैं जैसे दूल्हा बारात लेकर पहुँचे और बारात में कोई आया ही न हो! और सबसे बड़ी कॉमिक लाइन—रेलवे कह रहा है, "हमें उम्मीद नहीं थी कि हवाई यात्री ट्रेन में आएंगे।" यानी ट्रेन चलाई भी, पर भरोसा खुद को ही नहीं। इधर जनता पिस रही है, उधर सरकार बोली—"यात्रियों की सुविधा सर्वोपरि है।" बस, इतनी सुविधा दी गई है कि जान ही नहीं पा रहे उड़ें, चलें या रोएँ?

## इंडिगो संकट में रेलवे ने चलाईं 89 विशेष ट्रेनें, पर वे लगभग खाली

एजेंसी | नई दिल्ली/ मुंबई

इंडिगो एयरलाइन में पायलट और क्रू की कमी के कारण देशभर में उड़ानें रद्द और विलंबित होने पर भारतीय रेलवे ने आपात राहत के तौर पर 89 विशेष ट्रेनें शुरू कीं। उद्देश्य यह था कि विमान यात्रियों को तत्काल यात्रा का वैकल्पिक साधन उपलब्ध हो सके। लेकिन रेलवे का यह प्रयास अपेक्षित परिणाम नहीं दे रहा है, क्योंकि अधिकांश विशेष ट्रेनें खाली चल रही हैं।

**▪ राहत योजना का उद्देश्य...**

2 दिसंबर से लागू हुए कड़े पायलट ड्यूटी नियमों के बाद इंडिगो उड़ानों में बड़ी संख्या में व्यवधान शुरू हुए। इंडिगो देश में लगभग 65% उड़ानें संचालित करती है, जिसके चलते हजारों यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। हवाई किराए भी कई रूटों पर रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गए। इस स्थिति को देखते हुए, रेलवे ने 6 दिसंबर को अतिरिक्त ट्रेनें चलाने और हवाई अड्डों पर टिकट बुकिंग सहायता कियोस्क स्थापित करने का निर्णय लिया। रेलवे का दावा था कि मुंबई, दिल्ली, अहमदाबाद, बेंगलुरु, लखनऊ, गोरखपुर, जयपुर, नागपुर, वाराणसी, बिलासपुर और तिरुवनंतपुरम जैसे उच्च-प्रवासन रूटों पर हवाई यात्रियों को काफी राहत मिलेगी। इसके लिए पश्चिम, मध्य, उत्तर, पूर्व और दक्षिण-पूर्व रेलवे ज़ोन ने अस्थायी सेवाएं बढ़ाईं।

### टिकट उपलब्धता: सीटें भरी नहीं जा रहीं



*रेलवे के दमदार कदम के बावजूद, आईआरसीटीसी वेबसाइट पर टिकट उपलब्धता की जांच से पता चलता है कि इन विशेष ट्रेनों की सीटें बहुत कम बुक हो रही हैं। मुंबई–भिवानी द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन में 12 दिसंबर को 3AC में 248 सीटें और 16 दिसंबर को 439 सीटें खाली थीं। पूर्व दिल्ली स्टेशन से पटना जाने वाली विशेष ट्रेन में लगभग 1,000 सीटें खाली थीं, जबकि इसी मार्ग की सामान्य ट्रेनों में वेटिंग लिस्ट लंबी चल रही है। दिल्ली–प्रयागराज विशेष ट्रेन में 9 दिसंबर के लिए 900 से अधिक सीटें खाली थीं, जबकि बाकी ट्रेनों में सभी टिकट पहले से बुक थे।इन आंकड़ों से साफ है कि संकट के बावजूद यात्रियों का रुझान विशेष ट्रेनों की ओर नहीं बढ़ा।*

**▪ यात्री क्यों नहीं बढ़ रहे...**

*रेलवे अधिकारियों का कहना है कि विमान यात्रियों को तत्काल यात्रा की आवश्यकता होती है, इसलिए वे उसी दिन की ट्रेन में कन्फर्म टिकट चाहते हैं। खासकर वे एयरलाइन यात्री जो उच्च किराया वहन कर सकते हैं, उनके लिए अनिश्चित टिकट खरीदना आकर्षक विकल्प नहीं है। साथ ही, रेलवे द्वारा लगाए गए टिकट-सेवा कियोस्क एयरपोर्ट के कम दिखाई देने वाले स्थानों पर हैं, जिससे यात्रियों को इसका पता ही नहीं चल पा रहा। जागरूकता अभियान भी सीमित है, जबकि रेलवे का दावा है कि सोशल मीडिया पर प्रचार बढ़ाया गया है।*

**▪ राहत योजना असरहीन...**

*इंडिगो संकट ने सरकार और रेलवे को आपात प्रतिक्रिया के लिए मजबूर किया, लेकिन विशेष ट्रेनों का कम उपयोग यह संकेत देता है कि राहत योजनाएं तभी कारगर होती हैं जब उन्हें समय पर और व्यापक सूचना के साथ लागू किया जाए। फिलहाल रेलवे का अतिरिक्त परिचालन अधिकतर खाली डिब्बों के साथ जारी है, जिससे संसाधनों का उपयोग सवालों के घेरे में आता है।*

## पंजाब के स्कूलों के लिए नए निर्देश, आज देना होगा जवाब

### अब हर जिम्मेदारी प्रिंसिपल पर होगी

सारांश मेहरा | मोहाली
समर न्यूज़



पंजाब के स्कूलों के लिए एक अहम सूचना सामने आई है, जिसने शिक्षकों के बीच हलचल बढ़ा दी है। बता दें कि पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड ने मार्च 2026 में होने वाली 10वीं और 12वीं की वार्षिक परीक्षाओं के सुचारू संचालन के लिए तैयारियाँ शुरू कर दी हैं। बोर्ड ने पूरे राज्य के सभी स्कूलों की लॉगिन आईडी पर परीक्षा केंद्रों, निर्धारित बैंक शाखाओं और उत्तर पुस्तिकाएँ जमा कराने वाले कलेक्शन सेंटरों की विस्तृत जानकारी अपलोड कर दी है।

**▪ बोर्ड के नए दिशा-निर्देश...**

बोर्ड द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार, जिस स्कूल में परीक्षा केंद्र बनाया गया है, उस स्कूल का प्रमुख (प्रिंसिपल) "केंद्र कंट्रोलर" के रूप में पूरी जिम्मेदारी संभालेगा। परीक्षा के दौरान प्रश्न पत्रों की सुरक्षा से लेकर उत्तर पुस्तिकाओं को कलेक्शन सेंटर तक पहुँचाने तक की जिम्मेदारी प्रिंसिपल की होगी। यदि किसी स्कूल प्रमुख को आवंटित परीक्षा केंद्र को लेकर कोई आपत्ति या चिंता है, तो उन्हें 10 दिसंबर तक जिला शिक्षा अधिकारी (सीनियर सेकेंडरी) के पास आवेदन जमा करना होगा। जि▪ **बोर्ड संचार व्यवस्था पर सख्त...**

इस बार बोर्ड ने संचार प्रणाली में सुधार पर विशेष ध्यान दिया है। पिछले अनुभवों में यह देखा गया कि बोर्ड के पास अक्सर स्कूलों के पुराने फोन नंबर ही दर्ज रहते हैं या कई प्रिंसिपल कॉल का जवाब नहीं देते, जिसके कारण आपातकालीन परिस्थिति में परेशानी होती है। इसी समस्या के समाधान के लिए बोर्ड ने यह अनिवार्य किया है कि स्कूल लॉगिन आईडी में कॉलम 1 में प्रिंसिपल का मोबाइल नंबर, कॉलम 2 में सबसे वरिष्ठ लेक्चरर या शिक्षक का मोबाइल नंबर अवश्य अपडेट किया जाए।

**▪ परीक्षा संचालन में पारदर्शिता और तत्परता...**

बोर्ड का लक्ष्य है कि यदि किसी कारणवश प्रिंसिपल उपलब्ध न हों, तो तुरंत किसी अन्य जिम्मेदार अधिकारी से संपर्क किया जा सके। सभी स्कूल प्रमुखों को 10 दिसंबर तक इन अपडेट्स और आवश्यक कार्रवाई पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि मार्च 2026 की परीक्षाओं का सुचारू संचालन सुनिश्चित किया जा सके।

## अमेरिका ने दिखाई टैरिफ की तलवार, हमारे चावल पर निशाना



एजेंसी | न्यूयॉर्क

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर भारत को लेकर व्यापारिक तनाव बढ़ाने के संकेत दिए हैं। इस बार मुद्दा भारतीय चावल का है। ट्रंप ने आरोप लगाया है कि भारत सहित कुछ देश सस्ते दामों पर चावल निर्यात कर अमेरिकी किसानों को नुकसान पहुंचा रहे हैं, इसलिए अमेरिका कृषि आयात पर नए टैरिफ लगाने की तैयारी कर रहा है। व्हाइट हाउस में अमेरिकी किसानों के साथ बैठक के दौरान ट्रंप से यह शिकायत की गई कि भारत, थाईलैंड और चीन जैसे देश चावल को बेहद कम कीमतों पर अमेरिका भेज रहे हैं। लुइसियाना स्थित एक राइस मिल कंपनी की सीईओ मेरिल कैनेडी ने कहा कि "डंपिंग" यानी सस्ते दामों पर माल बेचकर बाज़ार पर कब्ज़ा करने की नीति से अमेरिका के चावल उत्पादक बुरी तरह प्रभावित हैं। उन्होंने ट्रंप से मौजूदा टैरिफ को दोगुना करने की मांग की। ट्रंप ने आश्चर्य व्यक्त करते हुए पूछा—"आप और टैरिफ चाहती हैं?" इसके बाद उन्होंने तुरंत ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट को निर्देश दिया कि भारत, थाईलैंड और चीन से आने वाले चावल निर्यात पर विशेष निगरानी रखी जाए। ट्रंप ने सवाल किया, "भारत को अमेरिका में चावल डंप करने की अनुमति क्यों है? क्या उन्हें कोई छूट मिली है?

### भारत पर बढ़ता दबाव, लेकिन सवाल अमेरिका पर भी

*अमेरिका का दावा है कि भारतीय चावल सस्ता है और इससे अमेरिकी किसानों का मुनाफा कम हो रहा है। वहीं विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिका वैश्विक कृषि व्यापार को अपने हितों के अनुसार नियंत्रित करना चाहता है। भारत ने अब तक इस मामले पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है, लेकिन व्यापार विशेषज्ञ मानते हैं कि यदि अमेरिका ने टैरिफ बढ़ाए, तो चावल निर्यात और द्विपक्षीय व्यापार पर असर पड़ सकता है। अगर टैरिफ बढ़े, तो भारत–अमेरिका के बीच चल रहा व्यापार तनाव एक बार फिर बढ़ना तय है, और इसका सीधा असर भारतीय कृषि निर्यातकों पर पड़ेगा।*

## मोदी सरकार में ईडी ने दर्ज किए 6,444 केस, सिर्फ 56 में फैसला, केंद्र सरकार ने संसद में दी जानकारी

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

संसद के शीतकालीन सत्र में केंद्र सरकार ने बताया कि वर्ष 2014 में मोदी सरकार बनने के बाद से अब तक प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत 6,444 मामले दर्ज किए हैं। इस अवधि में एजेंसी की कार्रवाई तेज रही, लेकिन अदालतों में केवल 56 मामलों में निर्णय हुआ, जिनमें 53 मामलों में दोषसिद्धि हुई।

### 11 वर्षों में ईडी ने 16,404 व्यक्तियों/संस्थाओं के खिलाफ 2,416 चार्जशीट दायर की और 11,106 छापे मारे गए। संसद में दिए गए आंकड़ों के अनुसार

- *2021-22 में 1,116 पीएमएलए मामले दर्ज।*
- *2020-21 में 996 मामले।*
- *2022-23 में 953 मामले।*
- *2024-25 में 775 मामले।*
- *2025-26 में नवंबर तक 556 मामले।*

2023-24, 2024-25 और 2025 के पहले आठ महीनों में क्रमशः 2,600, 2,317 और 2,267 छापेमारी की गई। कुल 2,416 आरोप पत्रों में 13,112 व्यक्तियों और 3,292 कंपनियों के नाम शामिल हैं।

### 94.64% मामलों में दोषसिद्धि हुई: सरकार

लोकसभा में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने बताया कि 2014 से 2025 के बीच विशेष पीएमएलए अदालतों ने 56 मामलों में फैसला सुनाया, जिनमें से 53 फैसलों में दोषसिद्धि दर्ज की गई। सरकार ने इसे 94.64% की दोषसिद्धि दर बताया।

**▪ ज़ब्त संपत्तियों का रिकॉर्ड...**

ईडी ने पिछले दो वर्षों में संपत्तियों की कुर्की पर ज़ोर बढ़ाया है। सूचना के अनुसार 2024-25 में 30,000 करोड़ रुपये की संपत्तियों को कुर्क किया गया। 2025-26 के पहले पाँच महीनों में 15,000 करोड़ रुपये की संपत्तियां कुर्क की गईं।

## मिलावटी घी जांच में दो अधिकारी हिरासत में

एजेंसी | तिरुमाला

तिरुमाला के लड्डुओं में मिलावटी घी के इस्तेमाल के आरोपों की जांच कर रही विशेष जांच टीम ने तिरुपति देवस्थानम के दो अधिकारियों—सुगंध और सुब्रह्मण्यम—को हिरासत में लिया है। अधिकारियों की मेडिकल जांच तिरुपति के रुइया अस्पताल में की जा रही है। SIT 12 दिसंबर तक दोनों से पूछताछ करेगी। इससे पहले, 28 नवंबर को इंजीनियरिंग विभाग के पूर्व महाप्रबंधक आरएसएसवीआर सुब्रह्मण्यम की गिरफ्तारी हुई थी, जो लड्डू में उपयोग होने वाले घी समेत प्रमुख सामग्री की खरीद के लिए जिम्मेदार थे।

### बलूचिस्तान में नोकुंडी हमला

## विदेशी निवेश परियोजनाएं असुरक्षित, कर्मचारियों के आवास बने निशाना

एजेंसी | बलूचिस्तान



बलूचिस्तान के नोकुंडी क्षेत्र में रेको दिक और संदक जैसी प्रमुख खनन परियोजनाओं से जुड़े कर्मचारियों के आवास पर हुआ हमला पाकिस्तान के लिए सुरक्षा और विदेशी निवेश दोनों मोर्चों पर नया संकट बनकर उभरा है। 30 नवंबर की रात हुए हमले में उन आवासीय परिसरों को निशाना बनाया गया, जहाँ अरबों डॉलर की परियोजनाओं पर काम कर रहे विदेशी इंजीनियर और अन्य कर्मचारी रहते हैं। बलूचिस्तान लिबरेशन फ्रंट ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। संगठन के बयान में कहा हमला उनकी नई गठित सद्दो ऑपरेशनल बटालियन द्वारा अंजाम दिया गया। बीएलएफ के अनुसार, कार्रवाई फ्रंटियर कोर मुख्यालय के गेट पर आत्मघाती विस्फोट से शुरू हुई, जिसके बाद हमलावर आवासीय क्षेत्र में घुस गए।

### 36 घंटे चला संघर्ष, सुरक्षा दावों पर उठे सवाल

*समूह का दावा है कि उसके लड़ाके 36 घंटे से अधिक समय तक पाकिस्तानी सुरक्षा बलों के खिलाफ मोर्चा संभालते रहे। यह अवधि इसे हालिया वर्षों के सबसे लंबे और सुनियोजित हमलों में शामिल करती है। हमले का स्थान इसे और भी महत्वपूर्ण बना देता है—नोकुंडी बलूचिस्तान के सबसे सुरक्षित निवेश ज़ोन में से एक माना जाता है, क्योंकि यहाँ बैरिक गोल्ड की रेको दिक परियोजना, चीन समर्थित संदक तांबा-सोना खदान जैसी उच्च मूल्य की परियोजनाएँ चल रही हैं। इतना संरक्षित इलाका होने के बावजूद हमलावरों का वहां तक पहुंच जाना पाकिस्तानी सुरक्षा ढांचे पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। यह सुराग देता है कि हमला बेहतर खुफ़िया क्षमता, रणनीतिक योजना और संगठनात्मक तैयारी के साथ किया गया।*

**▪ बीएलएफ का संदेश: विदेशी निवेशक भी निशाने पर...**

*बीएलएफ ने इसे एसओबी बटालियन का पहला मिशन बताकर पाकिस्तान, बैरिक गोल्ड, चीन सहित बलूचिस्तान की खनिज संपदा में निवेश करने वाले सभी विदेशी हितधारकों को चेतावनी बताया। बयान में इसे एक "इरादतन संदेश" बताया गया, जो सिर्फ पाकिस्तान को नहीं बल्कि क्षेत्र में आर्थिक हित रखने वाले बाहरी देशों को भी संबोधित करता है। हमले के बाद स्थिति और तनावपूर्ण हो गई। बीएलएफ ने दावा किया कि इसमें कई विदेशी नागरिक और सुरक्षा कर्मी मारे गए, और कुछ को बंधक भी बनाया गया। हालांकि पाकिस्तान ने शुरुआती दौर में बहुत सीमित जानकारी दी, बाद में कहा गया कि दो दिन तक चले बचाव अभियान में छह हमलावर ढेर कर दिए गए।*

**▪ निवेश पर बड़ा खतरा, सुरक्षा दावों की पोल खुली...**

*हताहतों की वास्तविक संख्या को लेकर अब भी अस्पष्टता बनी हुई है, लेकिन यह स्पष्ट है कि इस हमले ने पाकिस्तान की सबसे बड़ी खनन परियोजनाओं की सुरक्षा दीवारों में गहरी कमज़ोरी उजागर की। विदेशी निवेशकों की चिंताओं को बढ़ा दिया, आर्थिक महत्व वाले क्षेत्रों में आतंकवादी संगठनों की क्षमता का नया स्तर दिखाया। बलूचिस्तान लंबे समय से असंतोष और अलगाववादी आंदोलन का केंद्र रहा है, लेकिन नोकुंडी जैसे अत्यधिक सुरक्षित ज़ोन में हमला यह संकेत देता है कि आने वाले दिनों में विदेशी निवेश और सुरक्षा ढांचे के सामने और गहरे संकट खड़े हो सकते हैं।*

## Good DAY



समर न्यूज़ | लुधियाना

हर नई सुबह हमारे जीवन में नई उम्मीदें, ताज़गी और अनगिनत अवसर लेकर आती है। यह एक संकेत है कि जीवन हर दिन हमें दोबारा शुरू करने, बेहतर बनने और आगे बढ़ने का मौका देता है। आज का यह नया दिन आपके लिए एक नया आरंभ है ऐसा आरंभ जिसमें आप अपने विचारों, अपने व्यवहार और अपने सपनों को नई दिशा दे सकते हैं। जो रास्ते कल मुश्किल लगते थे, आज शायद वही अवसर बन जाएं। बस अपने प्रयासों पर विश्वास बनाए रखें और लगातार आगे बढ़ते रहें।

याद रखें, सफलता एक ही दिन में नहीं मिलती, लेकिन हर दिन का सही प्रयास आपको उस मंजिल की ओर ले जाता है। छोटे-छोटे कदम ही बड़े बदलाव लाते हैं। इसलिए सकारात्मक सोच के साथ दिन की शुरुआत करें, स्वयं को बेहतर बनाने का संकल्प लें और अपने सपनों की ओर दृढ़ता से बढ़ते रहें।

**— डॉ. रिशु भनोट**
**एम.डी. (मेडिसन)**
**फिज़िशियन एवं**
**डायबिटोलॉजिस्ट**

### पेज 3 एंकर स्टोरी

### पीयू- पीजीआईएमईआर ने 23 डीबी तक शोर घटाने वाली तकनीक की विकसित

## एंबुलेंस में शोर घटाने की नई तकनीक विकसित, मरीजों को मिलेगी राहत

समर न्यूज़ | चंडीगढ़




एंबुलेंस का सायरन सड़क पर रास्ता दिलाने के लिए जरूरी होता है, लेकिन यही तेज और तीखी आवाज कई बार मरीजों की सेहत पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है। इसी गंभीर मुद्दे को ध्यान में रखते हुए पंजाब यूनिवर्सिटी (पीयू) के यूआईईटी के प्रोफेसर मनोज शर्मा और पीजीआईएमईआर के स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ के प्रोफेसर रविंद्र खैवाल ने एक महत्वपूर्ण अध्ययन किया। अध्ययन में पाया गया कि एंबुलेंस सायरन की आवाज कई बार 100 डेसीबल तक पहुंच जाती है, जो मरीज के तनाव, हृदय गति, ब्लड प्रेशर और मानसिक स्थिति पर नकारात्मक असर डालती है। इसी समस्या का समाधान खोजने के लिए शोधकर्ताओं ने एक उन्नत तकनीक विकसित की है, जिसे फीडबैक एक्टिव नॉइज कंट्रोल और वर्चुअल सेंसिंग टेक्नोलॉजी के साथ परखा गया। यह तकनीक एंबुलेंस के भीतर शोर के स्तर को काफी कम करने में सक्षम पाई गई है।

अभी तक उपयोग किए जा रहे पारंपरिक फीड-फॉरवर्ड एएनसी सिस्टम बाहरी रेफरेंस सिग्नल पर निर्भर होते हैं, जिसके कारण उनका ढांचा भारी और एल्गोरिथ्म जटिल हो जाता है। नए फीडबैक एएनसी सिस्टम में उपकरण स्वयं एरर सिग्नल से अपना रेफरेंस तैयार करता है। इससे तकनीक सस्ती, सरल, तेज और अधिक प्रभावी बन जाती है। इसके साथ जोड़ी गई वर्चुअल सेंसिंग टेक्नोलॉजी छोटे और बंद धातु वाले स्थानों जैसे एंबुलेंस में भी जोन ऑफ साइलेंस को बढ़ाती है। यह उन जगहों पर भी शोर कम करने में मदद करती है जहां माइक्रोफोन लगाना संभव नहीं होता।

एंबुलेंस के भीतर धातु की दीवारों से आवाज टकराकर कई गुना बढ़ जाती है, जिससे मरीज की परेशानी और बढ़ सकती है। ऐसे माहौल में यह नई तकनीक अत्यंत कारगर सिद्ध हो सकती है। शोधकर्ताओं ने रिकॉर्ड किए गए एंबुलेंस सायरन पर इसका परीक्षण किया और पाया कि यह तकनीक बिना किसी अतिरिक्त साउंडप्रूफिंग सामग्री का उपयोग किए 23 डेसीबल तक शोर कम करने में सक्षम है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह परिणाम एंबुलेंस डिजाइनिंग में एक बड़ा बदलाव लाएगा और मरीजों को सफर के दौरान अधिक राहत और शांति मिलेगी। प्रो. रविंद्र खैवाल के अनुसार, अत्यधिक शोर मरीज में चिंता, तनाव, हृदय गति और ब्लड प्रेशर को बढ़ा सकता है, जिससे उसकी हालत और बिगड़ सकती है। नई एएनसी-वीएसटी तकनीक मरीजों को एक शांत वातावरण प्रदान कर इन जोखिमों को काफी हद तक कम कर सकती है।

शोधकर्ताओं ने यह भी कहा कि एंबुलेंस का उद्देश्य सिर्फ मरीज को अस्पताल पहुंचाना ही नहीं, बल्कि रास्ते में उसे आराम और मानसिक शांति देना भी अत्यंत आवश्यक है।

# डॉक्टरों की हड़ताल से मरीज हुए परेशान

### मरीजों को नहीं मिला इलाज, पांच जिलों में धारा 163 लागू, महेंद्रगढ़ में बच्ची का पोस्टमॉर्टम रुका, पंचकूला–हिसार में भी सेवाएं हुई ठप

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

डायरेक्ट एसएमओ भर्ती सहित विभिन्न मांगों पर समाधान न मिलने से हरियाणा में सरकारी डॉक्टरों की हड़ताल मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रही। राज्य के कई जिलों में सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की अनुपस्थिति से मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कई अस्पतालों में ओपीडी से लेकर अल्ट्रासाउंड और सर्जरी तक की सेवाएं प्रभावित रहीं। महेंद्रगढ़ सिविल अस्पताल में डॉक्टर उपलब्ध न होने के कारण छह साल की बच्ची का पोस्टमार्टम नहीं हो पाया और परिजनों को उसे नारनौल भेजना पड़ा। पंचकूला सिविल अस्पताल में सुबह से ही मरीज डॉक्टरों के इंतजार में भटकते रहे। हिसार में हादसे में एक युवक का



डॉक्टर की खाली कुर्सी। (दाएं) डॉक्टर के कमरे के बाहर लगा ताला। - समर न्यूज़

पैर कट गया था, वह बस से हिसार अस्पताल पहुंचा तो उसे बताया गया कि डॉक्टर हड़ताल पर हैं और तत्काल उपचार संभव नहीं। कैथल सिविल अस्पताल में पेट में पथरी की समस्या से पीड़ित एक महिला अल्ट्रासाउंड करवाने पहुंची, लेकिन स्टाफ ने डॉक्टर की छुट्टी का हवाला देकर उसे लौटा दिया। जब उसने अगले दिन डॉक्टर के आने के बारे में पूछा तो जवाब मिला कल भी डॉक्टर कब आएंगे यह निश्चित नहीं है। भिवानी, करनाल, झज्जर, हिसार, फतेहाबाद और गुरुग्राम में हड़ताल के कारण अव्यवस्था की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने धारा 163 लागू कर दी और किसी भी तरह के धरने-प्रदर्शन पर रोक लगा दी। इस बीच, एचसीएमएस एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें जल्द नहीं मानी गईं तो 10 दिसंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी।

भिवानी में विरोध को देखते हुए डीसी साहिल गुप्ता ने सोमवार को ही धारा 163 लागू कर दी थी। हालांकि, यहां चौधरी बंसीलाल अस्पताल में सेवाएं बाधित नहीं हुईं। हड़ताल पर गए डॉक्टरों की जगह अन्य डॉक्टरों को तैनात किया गया। एडीसी दीपक बाबूलाल करवा और सिविल सर्जन डॉ. रघुवीर सिंह ने निरीक्षण के दौरान व्यवस्था सामान्य पाई। ओपीडी में 21 डॉक्टर सेवाएं दे रहे हैं।

हड़ताल पर गए डॉक्टरों को नोटिस भी जारी किया गया है। कैथल में करीब 30 डॉक्टर दूसरे दिन भी हड़ताल पर रहे, जिससे ओपीडी और अल्ट्रासाउंड सेवाएं प्रभावित रहीं। कई मरीज निराश होकर घर लौट गए। करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज से डॉक्टर बुलाकर मरीजों की जांच करवाई गई। सिविल सर्जन डॉ. रेनू चावला ने दावा किया कि अन्य आवश्यक सेवाएं सामान्य रूप से चल रही हैं। फतेहाबाद में परिस्थितियां और गंभीर रहीं।

जिले के 70 में से 67 डॉक्टर हड़ताल पर रहे, जिसके कारण कई ऑपरेशन स्थगित कर दिए गए। अग्रोहा मेडिकल कॉलेज से सात डॉक्टर बुलाकर सेवाएं चलाई गईं, लेकिन सीएचसी और पीएचसी केंद्रों में इलाज न मिलने से मरीजों को भारी दिक्कत हुई। चर्म रोग और मनोरोग विशेषज्ञ की सेवाएं भी पूर्ण रूप से बंद रहीं। राज्य भर में हड़ताल के चलते स्वास्थ्य सेवाओं पर बढ़ते दबाव के बीच सरकार और डॉक्टर संघ के बीच गतिरोध अब भी बरकरार है।

# कुरुक्षेत्र में युवा कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन



प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता। - समर न्यूज़

समर न्यूज़ | कुरुक्षेत्र

मंगलवार को युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विभिन्न मुद्दों को लेकर मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने का प्रयास किया, जिसके चलते इलाके में तनावपूर्ण स्थिति बन गई। कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए आवास की ओर मार्च कर रहे थे, लेकिन पुलिस ने पहले से ही इलाके में बैरिकेडिंग कर रखी थी और भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया था। मार्च के दौरान जैसे ही कार्यकर्ता बैरिकेड्स पार करने की कोशिश करने लगे, पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए हल्की पानी की बौछारें कीं। इसके बाद माहौल और गरमा गया और प्रदर्शनकारी वहीं बैठकर नारेबाजी करते रहे। पुलिस की ओर से किसी तरह की लाठीचार्ज या बड़ी झड़प की पुष्टि नहीं हुई है, हालांकि दोनों पक्षों में तीखी नोकझोंक जरूर देखने को मिली। युवा कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है, लेकिन प्रशासन और पुलिस सतर्कता बनाए हुए हैं।

# तेज रफ्तार ट्रक ने ई-स्कूटी सवार को कुचला

### 63 वर्षीय व्यक्ति की मौके पर मौत, हादसे के बाद ड्राइवर हुआ फरार

समर न्यूज़ | करनाल

करनाल-यमुनानगर मुख्य मार्ग पर सोमवार देर रात एक तेज रफ्तार ट्रक ने ई-स्कूटी सवार 63 वर्षीय यशपाल को कुचल दिया। इस हादसे में यशपाल की मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना घीड़ पुलिया के पास उस समय हुई जब यशपाल अपनी पत्नी और देवर के साथ शेरगढ़ टापू से करनाल की ओर जा रहे थे। ट्रक चालक हादसे के बाद वाहन को सड़क किनारे खड़ा कर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर आसपास मौजूद लोगों की मदद से शव को ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक यशपाल का परिवार शेरगढ़ टापू गांव से अलग-अलग वाहनों पर करनाल आ रहा था। उनके साथ मोटरसाइकिल पर चल रहे देवर संवर पाल ने अपनी आंखों के सामने यह हादसा देखा। जैसे



टक्कर मारने वाला ट्रक। - समर न्यूज़

ही ई-स्कूटी घीड़ पुलिया पर चढ़ी, पीछे से आए तेज रफ्तार ट्रक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे यशपाल की मौके पर ही मौत हो गई।

टक्कर के बाद घबराया ट्रक चालक तुरंत अपना वाहन सड़क किनारे लगाकर मौके से भाग निकला। पीछे आ रही मृतक की पत्नी और देवर ने शोर मचाते हुए राहगीरों से मदद मांगी और पुलिस को सूचित किया। मृतक की पत्नी निर्मला ने थाना कुंजपुरा में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि उनके पति यशपाल (63 वर्ष) ई-स्कूटी पर आगे चल रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। उनकी शिकायत के आधार पर थाना कुंजपुरा पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना कुंजपुरा के एएसआई हरविश कुमार ने पुष्टि की कि मामला दर्ज कर लिया गया है और ट्रक चालक की पहचान के लिए आगे की जांच जारी है।

### कैबिनेट ने नगरपालिका विधेयक को दी मंजूरी, 17 गांवों का पुनर्गठन मंजूरः छह जिलों में बदली जाएंगी तहसील सीमाएं

# हरियाणा में अब खत्म होंगे दो पुराने नगरपालिका एक्ट

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

हरियाणा सरकार ने प्रशासनिक व्यवस्था में बड़ा बदलाव करते हुए शहरी एवं ग्रामीण दोनों क्षेत्रों के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। सोमवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में हरियाणा नगरपालिका विधेयक-2025 को मंजूरी दी गई। इसके लागू होने के बाद अब तक प्रभावी दो कानून, हरियाणा नगरपालिका अधिनियम 1973 और हरियाणा नगर निगम अधिनियम 1994—पूरी तरह समाप्त हो जाएंगे। सरकार का दावा है कि पूरे राज्य में एक ही कानून लागू होने से शहरी निकायों की कार्यप्रणाली पारदर्शी और एकरूप होगी।

नए कानून का उद्देश्य शहरी निकायों की प्रशासनिक क्षमता बढ़ाना, वित्तीय स्वायत्तता मजबूत करना और सेवा वितरण प्रणाली को सरल बनाना है। यह विधेयक पिछले दो वर्षों में



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी। - समर न्यूज़

व्यापक स्तर पर की गई समीक्षा और केंद्र सरकार के मॉडल नगरपालिका कानून के आधार पर तैयार किया गया है। मंत्री विपुल गोयल ने इसे शहरी विकास के लिए मील का पत्थर बताया, जबकि मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे शहरों में सुशासन के नए मानक स्थापित होंगे। वित्तीय सुधारों के तहत, निकाय अब सरकार द्वारा तय सीमा में अपने कर और शुल्क स्वयं निर्धारित कर सकेंगे। इससे उनकी आय बढ़ेगी और स्थानीय विकास कार्यों की गति तेज होगी। साथ ही, निकायों की क्रेडिट रेटिंग होने से उन्हें बाजार से ऋण प्राप्त करने का रास्ता भी साफ होगा, जिससे बड़े शहरी प्रोजेक्टों को नई गति मिलेगी।

कैबिनेट बैठक में ग्रामीण प्रशासन से जुड़े एक और अहम प्रस्ताव को भी मंजूरी मिली। राज्य के छह जिलों—महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, यमुनानगर, फरीदाबाद, सिरसा और झज्जर के 17 गांवों को एक तहसील या उप-तहसील से दूसरी में स्थानांतरित करने का निर्णय लिया गया है। यह बदलाव भौगोलिक दूरी, सुविधा और प्रशासनिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए किया गया है। उपायुक्तों की रिपोर्ट और राज्य स्तरीय पुनर्गठन कमेटी की सिफारिशों के बाद इन बदलावों को अंतिम मंजूरी दी गई।

सरकार का कहना है कि नए पुनर्गठन से ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को प्रमाण पत्र, रजिस्ट्रेशन और राजस्व से जुड़े कार्यों के लिए बेहतर और तेज सेवाएं मिलेंगी। तहसीलों तक पहुंच की दूरी घटेगी और प्रशासनिक कार्यवाही भी सुचारू होगी। इन व्यापक सुधारों के साथ हरियाणा सरकार ने शहरी और ग्रामीण प्रशासन में दक्षता बढ़ाने का संदेश दिया है। नए कानून और तहसील पुनर्गठन से प्रदेश में शासन व्यवस्था को अधिक सुगम और आधुनिक बनाने का लक्ष्य तय किया गया है।

# कमल कॉलोनी में एनआईए की छापेमारी

### माओवादी गतिविधियों से जुड़े संदिग्ध लिंक को लेकर की गई छापेमारी

समर न्यूज़ | रोहतक

राष्ट्रीय जांच एजेंसी की लखनऊ यूनिट की पांच सदस्यीय टीम ने मंगलवार सुबह लगभग छह बजे कमल कॉलोनी स्थित एक मकान पर छापेमारी की। यह घर आर्मी के एक कैप्टन का है और ड्यूटी पर होने के कारण वह इस समय बाहर हैं। मकान को सोनीपत निवासी एक फिजियोथेरेपिस्ट ने किराए पर ले रखा है, जो खिलाड़ियों की थेरेपी भी यहीं करता है और घर में संबंधित मशीनरी लगाई हुई है। सूत्रों के अनुसार, टीम ने करीब दो घंटे तक फिजियोथेरेपिस्ट के किराए के मकान में तलाशी ली। हालांकि यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि जांच माओवादी गतिविधियों से जुड़े किसी संदिग्ध लिंक को लेकर की गई है या किसी अन्य इनपुट के आधार पर। एजेंसी की ओर से अभी इस बारे में आधिकारिक बयान नहीं दिया गया है। छह महीने पहले





एनआईए की टीम। - समर न्यूज़

एनआईए लखनऊ टीम ने हिसार पुलिस की मदद से लाखनमाजरा में दबिश देकर छत्तीसगढ़ के मांझीगुड़ा निवासी प्रियांशु कश्यप को गिरफ्तार किया था। प्रियांशु भी लाखनमाजरा में किराए पर रह रहा था। पिछले सप्ताह एनआईए की टीम फिर से लाखनमाजरा पहुंची थी, जहां मकान मालिक से पूछताछ की गई। इसके अलावा एमडीयू के एक छात्र नेता को भी पूछताछ के दायरे में लाया जा चुका है। एनआईए की लगातार सक्रियता से जिले में माओवादी गतिविधियों को लेकर खुफिया जांच तेज मानी जा रही है।

हालांकि ताजा छापेमारी का प्रत्यक्ष संबंध क्या है, यह जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट होगा।

# हरियाणा को मिले 6 नए IAS अधिकारी, DOPT ने भेजी आधिकारिक सूची

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

हरियाणा को इस साल छह नए आईएएस अधिकारी मिल गए हैं। सिविल सेवा परीक्षा 2024-25 के परिणाम इसी वर्ष अप्रैल में जारी किए गए थे, जिसके आधार पर केंद्र सरकार ने 7 दिसंबर को राज्य कैडर आवंटन की आधिकारिक सूचना सभी राज्यों को भेजी। हरियाणा को मिली छह रिक्तियों में से दो इनसाइडर और चार आउटसाइडर श्रेणी के अंतर्गत भरी गई हैं। इस बार दो उम्मीदवार हरियाणा के मूल निवासी हैं, जबकि चार अन्य राज्यों से हैं, जिन्हें नियमों के अनुसार हरियाणा कैडर मिला है। कैडर आवंटन से जुड़ी जानकारी DOPT ने सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को भेजे गए पत्र में साझा की। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के एडवोकेट हेमंत कुमार ने बताया कि इससे पहले भी केंद्र ने कैडर से जुड़ी प्रारंभिक जानकारी साझा की थी, जिसे अब औपचारिक रूप से राज्यों को भेज दिया गया है। हरियाणा की चर्चित उम्मीदवार हर्षिता गोयल, जिन्होंने UPSC CSE 2024 में ऑल इंडिया रैंक 2 हासिल की, को हरियाणा कैडर नहीं मिला। हिसार की रहने वाली हर्षिता को गुजरात कैडर आवंटित किया गया है। बचपन में परिवार के साथ गुजरात शिफ्ट होने और वहीं शिक्षा प्राप्त करने के कारण उन्हें 'होम स्टेट' गुजरात माना गया। हर्षिता पेशे से चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं और यह उनका तीसरा प्रयास था। इस वर्ष हरियाणा में कुल छह आईएएस रिक्तियां थीं, जिनमें चार आउटसाइडर 3 EWS और 1 SC—के लिए थीं। वहीं दो इनसाइडर रिक्तियां OBC और ST वर्ग के लिए थीं, लेकिन राज्य में ST आरक्षण न होने के चलते ST कोटे को OBC में परिवर्तित कर दिया गया। नए अधिकारियों के कैडर आवंटन से राज्य की प्रशासनिक क्षमता को नई मजबूती मिलने की उम्मीद है।

# रंजिश में पति ने पत्नी की जिंदा जलाकर की हत्या

समर न्यूज़ | गुरुग्राम

भोंडसी थाना क्षेत्र से एक बेहद सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां घरेलू विवाद और ससुराल पक्ष से चली आ रही कहासुनी का बदला लेने के लिए एक पति ने अपनी पत्नी को आग के हवाले कर दिया। घटना 30 नवंबर की देर रात रायसीना गांव में हुई, जबकि गंभीर रूप से झुलसी महिला ने सोमवार को रोहतक पीजीआई में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

पुलिस के अनुसार, मृतक महिला नीतू (37) की शादी रायसीना के आनंद से 16 साल पहले हुई थी। कुछ दिन पहले उसकी ससुराल में साली की शादी के दौरान दोनों परिवारों के बीच कहासुनी हो गई थी। इसी मनमुटाव के चलते आनंद ने 30 नवंबर को शराब के नशे में घर लौटकर पत्नी से झगड़ा किया, उसे पीटा और फिर खौफनाक कदम उठाते हुए बाइक से पेट्रोल निकालकर उस पर छिड़क दिया। इसके बाद उसने लाइटर से आग



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। - समर न्यूज़

लगा दी। आग की लपटों में घिरी नीतू चीखते हुए गली की ओर भागी, जहां ससुर और अन्य परिजन पहुंचे और आग बुझाने की कोशिश की।

**इलाज के दौरान महिला की मौत**

नीतू को गंभीर हालत में सोहना अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे गुरुग्राम और फिर रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया गया। पुलिस टीम ने अस्पताल में महिला का बयान दर्ज किया था, जिसमें उसने साफ तौर पर पति पर जानबूझकर आग लगाने का आरोप लगाया था। सोमवार को नीतू ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मायके पक्ष की शिकायत पर भोंडसी थाना पुलिस ने आरोपी आनंद के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि ससुराल में हुए विवाद की रंजिश निकालने के लिए उसने इस वारदात को अंजाम दिया। भोंडसी पुलिस का कहना है कि यह मामला न सिर्फ घरेलू हिंसा का बल्कि पूर्व नियोजित प्रतिशोध का गंभीर अपराध है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा जाएगा और केस में तेजी से कार्रवाई होगी।

प्रदूषण | हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने फील्ड टीमों को दिए मॉनिटरिंग बढ़ाने के निर्देश

# गुरुग्राम में 284 पहुंचा एक्यूआई, बुजुर्ग सावधान रहें

समर न्यूज़ | गुरुग्राम

वायु प्रदूषण की स्थिति गंभीर हो गई है। वायु गुणवत्ता सूचकांक शहर में 284 दर्ज किया गया, जो खतरनाक श्रेणी में आता है।

वहीं, मानेसर में एक्यूआई 254 पर रहा। विशेषज्ञों का कहना है कि इस स्तर की हवा सांस और हृदय संबंधी रोगियों के लिए विशेष रूप से खतरनाक है। शहर में बढ़ते प्रदूषण के पीछे मुख्यतः धूल और वाहनों का धुआं है। निर्माण स्थलों से उड़ती धूल, टूटी सड़कों से मिट्टी और बढ़ते वाहनों के कारण वायु में हानिकारक कण बढ़ रहे हैं। सुबह और शाम के समय यह और अधिक खतरनाक हो जाता है।

हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने फील्ड टीमों को मॉनिटरिंग बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। बोर्ड की टीमें मुख्य सड़क मार्गों, औद्योगिक क्षेत्रों और निर्माण स्थलों पर नियमित जांच



प्रदूषण के कारण उठी धुंध। - समर न्यूज़

करेंगी। संबंधित विभागों को सड़क किनारे जमा मिट्टी हटाने और पानी छिड़काव करने के लिए कहा गया है ताकि धूल का स्तर कम हो सके। इन दिनों हवा की गति कम होने के कारण प्रदूषण कण जमीन के नजदीक फंसे हुए हैं। मौसम विभाग के अनुसार तेज हवा या हल्की बारिश होने पर ही प्रदूषण का स्तर कम हो सकता है। फिलहाल वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में बनी रहने का अनुमान है। विशेषज्ञों ने जनता को सलाह दी है कि सुबह और शाम कम बाहर निकलें, मास्क पहनें और बच्चों तथा बुजुर्गों को प्रदूषण से बचाएं। खुले में व्यायाम से फेफड़ों पर विपरीत असर पड़ सकता है। नगर निगम सहित अन्य विभागों को निर्माण स्थलों पर धूल नियंत्रण नियमों का पालन सुनिश्चित करने और उल्लंघन पर जुर्माना लगाने के निर्देश दिए गए हैं।

# यूके की डिप्टी हाई कमिश्नर ने की सीएम सैनी से मुलाकात



यूके की डिप्टी हाई कमिश्नर के साथ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी। - समर न्यूज़

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

यूके दूतावास की डिप्टी हाई कमिश्नर अल्बा स्मेरिग्लियो ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी से मुलाकात की। बैठक में दोनों पक्षों के बीच द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत बनाने और विविध क्षेत्रों में निवेश बढ़ाने पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक का मुख्य फोकस ऑटोमोबाइल, एविएशन, कृषि, रिसर्च और रक्षा विनिर्माण जैसे सेक्टरों में नई संभावनाओं को बढ़ावा देना रहा, ताकि हरियाणा में आर्थिक गतिविधियों और उद्योगों का विस्तार हो सके। मीटिंग के दौरान हरियाणा में यूके यूनिवर्सिटी कैंपस स्थापित करने की संभावनाओं पर भी विचार-विमर्श हुआ। इसके साथ ही ट्रेनिंग प्रोग्राम को अधिक प्रभावी बनाने, इमिग्रेशन प्रक्रियाओं से संबंधित जागरूकता बढ़ाने और हरियाणा से यूके तक कुशल मानव संसाधनों की आसान आवाजाही सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। दोनों पक्षों ने कानूनी यात्रा मार्गों को बढ़ावा देने और युवाओं को सुरक्षित व सही जानकारी उपलब्ध कराने पर सहमति जताई। यह मुलाकात हरियाणा और यूके के बीच विकास, शिक्षा, निवेश और कौशल विनिमय के नए अवसरों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# राणा खेड़ी में युवा किसान की गला दबाकर हत्या

समर न्यूज़ | सोनीपत

बरोदा थाना क्षेत्र के गांव राणा खेड़ी में देर रात एक युवा किसान की खेत में हत्या होने से पूरे इलाके में दहशत फैल गई। मृतक की पहचान प्रदीप (28) पुत्र सतपाल निवासी राणा खेड़ी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, प्रदीप देर रात बरसीम (चारा) की रखवाली करने खेत पर गया था, लेकिन काफी देर तक वापस न लौटने पर उसका छोटा भाई उसे ढूंढते हुए खेत पहुंचा। वहां पहुंचकर उसने देखा कि प्रदीप खेत में मृत पड़ा हुआ है। परिजनों के मुताबिक प्रदीप के गले पर गहरे दबाव के निशान और अंगूठे पर चोट के निशान मिले हैं, जिससे साफ प्रतीत होता है कि उसकी गला दबाकर हत्या की गई है। परिवार ने आरोप लगाया है कि करीब एक माह पहले पानी के बंटवारे को लेकर गांव के ही तीन लोगों से प्रदीप का विवाद हुआ था। उसी रंजिश के चलते उसकी हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है।

# हिमाचल में 'हिम एवरग्रीन प्रोजेक्ट' के तहत अब निजी भूमि पर भी कर पाएंगे पौधरोपण

## पौधा उगने पर कंपनी की ओर से जमींदार को दी जाएगी प्रोत्साहन राशि

राकेश। ऊना
समर न्यूज़



डीएफओ ऊना, सुशील राणा। - समर न्यूज़

हिमाचल प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण और हरित बढ़ाने की दिशा में एक नई पहल शुरू की गई है। राज्य सरकार ने 'हिम एवरग्रीन प्रोजेक्ट' के तहत अब निजी भूमि पर भी पौधारोपण करने का निर्णय लिया है। इसके लिए हिमाचल सरकार ने एक निजी कंपनी के साथ औपचारिक समझौता किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए वन विभाग के डीएफओ ऊना, सुशील राणा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य प्रदेशभर में हरित क्षेत्र का विस्तार करना और स्थानीय लोगों को आर्थिक लाभ पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि परियोजना के तहत कुल 50 हजार हेक्टेयर भूमि पर पौधारोपण किया जाएगा और 25 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। डीएफओ राणा ने कहा कि ऊना जिले में पहले भी वन विभाग की ओर से निजी भूमि पर एक लाख पौधे लगाए जा चुके हैं, जबकि अगले वर्ष इस संख्या को और बढ़ाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस प्रोजेक्ट के तहत वन विभाग पौधे उपलब्ध करवाएगा। कंपनी प्रत्येक पौधे के लिए 30 वन विभाग को और 20 भूमि मालिक (जमींदार) को देगी। इसके अलावा, पौधा सफलतापूर्वक पनपने पर कंपनी की ओर से 50 अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि जमींदार को दी जाएगी। उन्होंने बताया कि 2026 तक 5 लाख पौधे और 2027 तक अतिरिक्त 5 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। पूरे प्रदेश में इस योजना के अंतर्गत कुल 50 लाख पौधे लगाने का प्रावधान है।यह प्रोजेक्ट कार्बन क्रेडिट प्रणाली पर आधारित है। पांच वर्ष बाद कार्बन एस्टिमेशन की जाएगी, जिसके बाद होने वाली आय का 65% हिस्सा कंपनी को, 30% भूमि मालिक को और 5% वन विभाग को मिलेगा। राणा ने कहा कि जब पौधा 25 साल बाद कटेगा, तो उसकी समस्त आय भूमि मालिक को ही मिलेगी।

# जे.पी. नड्डा 12 दिसंबर को शिमला पहुंचेंगे

## भाजपा करेगी भव्य अभिनंदन समारोह

समर न्यूज़ | शिमला


अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल। - समर न्यूज़

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य, रसायन एवं उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा 12 दिसंबर की रात्रि को देवभूमि हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला पहुंच रहे हैं। बिहार में एनडीए की प्रचंड जीत के बाद यह उनका पहला हिमाचल प्रवास होगा, जिसे लेकर पूरे प्रदेश में पार्टी कार्यकर्ताओं और आमजन में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

डॉ. बिंदल ने कहा कि बिहार में ऐतिहासिक विजय दिलाने में नड्डा के कुशल नेतृत्व की महत्वपूर्ण भूमिका रही। ऐसे लोकप्रिय, सक्रिय और कर्मठ नेता का हिमाचल आगमन पूरे प्रदेश के लिए गर्व का अवसर है। उन्होंने कहा कि हिमाचल की जनता अपने इस हरदिल-अजीज नेता के स्वागत के लिए उत्सुक है।

13 दिसंबर की सुबह पीटरहॉफ शिमला के ग्राउंड में नड्डा के सम्मान में भव्य अभिनंदन समारोह आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता, समर्थक और आम नागरिक शामिल होंगे। भाजपा इसे एक ऐतिहासिक अवसर मान रही है, जो संगठन को आने वाले वर्षों में नई दिशा और मजबूती प्रदान करेगा। डॉ. बिंदल ने कहा कि नड्डा का यह दौरा न केवल कार्यकर्ताओं में ऊर्जा भरेगा, बल्कि 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए भी एक सशक्त संदेश देगा। शिमला संसदीय क्षेत्र सहित पूरे प्रदेश में कार्यकर्ता उनसे मिलने के लिए उत्साहित हैं।

### मुस्लिम वेलफेयर सोसाइटी का मानवीय कदम

# आगजनी प्रभावित परिवार को दी 50 हजार की मदद

मंजूर पठान। चंबा
समर न्यूज़


जिला मुस्लिम वेलफेयर सोसाइटी अध्यक्ष लतीफ मोहम्मद। - समर न्यूज़

जिला मुस्लिम वेलफेयर सोसाइटी एक बार फिर अपनी मानवीय सामाजिक जिम्मेदारी के लिए चर्चा में है। समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय यह संस्था पिछले लगभग एक दशक से चंबा जिले में बीमार, गरीब, असहाय तथा प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित लोगों की निरंतर सहायता करती आ रही है। संगठन का नाम भले ही मुस्लिम वेलफेयर सोसाइटी हो, लेकिन इसके कार्य और सेवाएं हर धर्म, जाति और समुदाय के जरूरतमंदों तक समान रूप से पहुंचती हैं। हाल ही में नेरा पंचायत में आगजनी की एक घटना में एक परिवार के घर की दूसरी मंज़िल में अचानक आग लग गई, जिससे परिवार को भारी नुकसान उठाना पड़ा। घटना की जानकारी मिलते ही जिला मुस्लिम वेलफेयर सोसाइटी के सदस्य सक्रिय हुए और पीड़ित परिवार की आर्थिक सहायता के लिए आगे आए। संस्था ने तुरंत राहत प्रदान करते हुए प्रभावित परिवार को 50,000 रुपये की आर्थिक मदद दी। स्थानीय लोग और पंचायत प्रतिनिधि संस्था के इस मानवीय कदम की सराहना कर रहे हैं। हमारी संस्था पिछले करीब एक दशक से चंबा जिले में सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। हमारा उद्देश्य सिर्फ एक ही है, जरूरतमंद तक मदद पहुचना, चाहे वह किसी भी धर्म या समुदाय से हो।

# युवाओं को नशामुक्ति का दिया संदेश: राजन

## 18 दिसंबर को गुरनाम भुल्लर बनाएंगे संगीतमय माहौल

संजीव | कांगडा
समर न्यूज़


विधायक मलेंद्र राजन। - समर न्यूज़

इंदौरा विधानसभा क्षेत्र में इस वर्ष का दो दिवसीय इंदौरा उत्सव 18 और 19 दिसंबर को भव्यता के साथ आयोजित होने जा रहा है। वन विश्राम गृह इंदौरा में आयोजित पत्रकार वार्ता में विधायक मलेंद्र राजन ने बताया कि इस बार उत्सव केवल मनोरंजन का मंच नहीं होगा, बल्कि युवाओं को नशामुक्ति का सशक्त संदेश देने का माध्यम बनेगा।

उत्सव के पहले दिन 18 दिसंबर को मशहूर पंजाबी गायक गुरनाम भुल्लर अपनी प्रस्तुति से माहौल को संगीतमय बनाएंगे। वहीं 19 दिसंबर को लखविंदर वडाली और हारमनी ऑफ पाइंस पुलिस बैंड समापन समारोह में यादगार प्रस्तुतिया देंगे। विधायक राजन ने बताया कि उद्घाटन 18 दिसंबर को तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी करेंगे, जबकि 19 दिसंबर को मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू बतौर मुख्य अतिथि समापन में शामिल होंगे। इस वर्ष उत्सव में स्थानीय कलाकारों को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी। विधायक ने कहा कि क्षेत्र के उभरते कलाकारों को बड़े मंच पर प्रदर्शन का अवसर देकर न केवल उनकी प्रतिभा को पहचान मिलेगी, बल्कि क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत भी समृद्ध होगी। विधायक मलेंद्र राजन ने कहा कि उत्सव का प्रमुख उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से दूर रखना है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में चिट्टा जैसे खतरनाक नशे के खिलाफ राज्यभर में कड़ा अभियान चल रहा है, जो अब जनांदोलन का रूप ले चुका है। "चिट्टे को भगाना है, युवाओं को बचाना है" का संदेश उत्सव में मौजूद हजारों युवाओं तक प्रभावी तरीके से पहुंचेगा।

उत्सव से पूर्व 12 दिसंबर से बैडमिंटन, वॉलीबॉल, कबड्डी, क्रिकेट, रस्साकशी, स्पून रेस और शॉट पुट जैसी खेल प्रतियोगिताए शुरू होंगी। विजेताओं को उत्सव के मंच पर सम्मानित किया जाएगा।

इंदौरा उत्सव इस बार संस्कृति, प्रतिभा और जागरूकता इन तीनों का अनोखा संगम बनने जा रहा है।

# आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या पर बार एसोसिएशन का कड़ा रुख

अरविंद। हमीरपुर
समर न्यूज़


एडवोकेट सुरेश ठाकुर - समर न्यूज़

हमीरपुर शहर में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या और उनसे होने वाली घटनाओं ने लोगों में गहरी चिंता पैदा कर दी है। इसी मुद्दे को गंभीरता से उठाते हुए जिला बार एसोसिएशन ने जिला प्रशासन को एक लीगल नोटिस जारी किया है। एसोसिएशन का आरोप है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा आवारा कुत्तों के नियंत्रण और प्रबंधन को लेकर जारी किए गए निर्देशों की जिले में सही तरीके से अनुपालना नहीं हो रही है, जिससे आम जनता निरंतर खतरे का सामना कर रही है। बीते कुछ महीनों में आवारा कुत्तों के हमलों के कई मामले सामने आए हैं। हाल ही में एक युवक कुत्तों के हमले का शिकार हुआ, जिसके बाद रेबीज़ संक्रमण के कारण उसकी सात दिनों में मृत्यु हो गई। इससे पहले पिछले वर्ष एक प्रवासी परिवार की मासूम बच्ची को भी कुत्तों ने नोच कर मौत के घाट उतार दिया था। ऐसे कई मामले हैं, जिनमें कुत्ते महिलाओं, राहगीरों और स्कूली बच्चों पर हमला करते हुए देखे गए हैं। शहरवासियों में इस वजह से भय और गुस्सा दोनों बढ़ता जा रहा है। बार एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्य और पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट सुरेश ठाकुर ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने देशभर के जिलों को आवारा कुत्तों के पुनर्वास, टीकाकरण और जनसंख्या नियंत्रण के स्पष्ट निर्देश दिए हैं। हमीरपुर जिले में इन दिशानिर्देशों को प्रभावी तरीके से लागू नहीं किया गया है, जिसके कारण आम नागरिकों की सुरक्षा खतरे में पड़ी है। एसोसिएशन ने जिला प्रशासन से मांग की है कि आवारा कुत्तों के लिए सुरक्षित शेल्टर की व्यवस्था की जाए और जल्द से जल्द बढ़ती संख्या पर अंकुश लगाने के लिए ठोस कदम उठाए जाए।

# समस्याओं के समाधान को विशेष कमेटी गठित

सुभाष। बिलासपुर
समर न्यूज़


राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी। - समर न्यूज़

राज्य स्तरीय कोलडैम विस्थापित पुनर्वास एवं परामर्श समिति की महत्वपूर्ण बैठक आज बिलासपुर उपायुक्त कार्यालय के बचत भवन में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश के राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने की। इस अवसर पर विधायक अर्की संजय अवस्थी, विधायक सदर बिलासपुर त्रिलोक जमवाल, मंडल आयुक्त मंडी राज कृष्ण परुथी तथा बिलासपुर, शिमला और सोलन जिलों के उपायुक्त उपस्थित रहे, जबकि मंडी उपायुक्त वर्चुअल माध्यम से जुड़े। राजस्व मंत्री ने स्पष्ट कहा कि विकास परियोजनाओं के कारण प्रभावित हुए परिवारों के पुनर्वास व अधिकारों की सुरक्षा के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने जोर दिया कि विस्थापन से प्रभावित अंतिम व्यक्ति तक सभी सुविधाएं और अधिकार सुनिश्चित किए जाएंगे। मंत्री ने बताया कि लगभग 15 वर्ष बाद आयोजित इस बैठक का लक्ष्य कोलडैम विस्थापितों की लंबित समस्याओं का ठोस समाधान निकालना है। बैठक में बिलासपुर और मंडी जिलों के उपायुक्तों को निर्देश दिए गए कि बिलासपुर सदर और सुंदरनगर की अध्यक्षता में विशेष कमेटी गठित करें। यह कमेटी एक माह के भीतर ठोस तथ्यों, वीडियोग्राफी और प्रमाणों सहित विस्तृत रिपोर्ट सरकार को सौंपेगी। कोलडैम क्षेत्र में तत्तापानी से सुन्नी तक बढ़ रही सिल्ट और बरसात में जलस्तर बढ़ने से संभावित जलभराव की समस्या पर भी गंभीर चर्चा हुई। मंत्री ने एनटीपीसी को इस समस्या का स्थायी समाधान निकालने के निर्देश दिए तथा संबंधित उपायुक्तों को डैम सेफ्टी एक्ट और डिजास्टर मैनेजमेंट एक्ट के तहत नोटिस जारी करने को कहा।गैर-सरकारी सदस्यों द्वारा विस्थापित परिवारों को रोजगार में प्राथमिकता न मिलने का मुद्दा उठाए जाने पर मंत्री ने एनटीपीसी से अब तक रोजगार प्राप्त विस्थापितों की विस्तृत सूची तैयार करने को कहा। इसके अतिरिक्त, एलएडीएफ और सीएसआर फंड का उपयोग स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार करने और बिना स्थानीय सहमति के कोई योजना स्वीकृत न करने के निर्देश भी दिए।

# सरकार पेश करेगी उपलब्धियां आपदा में सरकार जनता के साथ

संजू। शिमला
समर न्यूज़


शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर। - समर न्यूज़

हिमाचल प्रदेश में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार अपने तीन वर्ष के कार्यकाल का सफलतापूर्वक समापन करने जा रही है। इस अवसर पर 11 दिसंबर को मंडी में "जन संकल्प रैली" का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रदेशभर से कांग्रेस कार्यकर्ता, समर्थक और आम जनता बड़ी संख्या में शामिल होंगे। सरकार इस रैली के माध्यम से अपने तीन वर्षों की उपलब्धियों और जनता के लिए किए गए कार्यों का लेखा-जोखा पेश करेगी।

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि कांग्रेस सरकार ने अपने कार्यकाल के दौरान व्यवस्था परिवर्तन के वादे को धरातल पर उतारने के लिए कई ऐतिहासिक फैसले लिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने लोगों की भलाई के लिए योजनाओं को प्राथमिकता दी और बिना किसी दिखावे के जनसेवा को केंद्र में रखा।शिक्षा मंत्री ने कहा कि हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा में मंडी जिला सबसे ज्यादा प्रभावित रहा, लेकिन केंद्र सरकार की ओर से राज्य को अपेक्षित सहयोग नहीं मिला। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राज्य के सीमित संसाधनों के सहारे राहत और पुनर्वास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया। उन्होंने कहा कि आपदा के कठिन समय में भी सरकार जनता के साथ मजबूती से खड़ी रही।

# नशा माफिया से भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद

## नूरपुर पुलिस ने फरार आरोपी 12 घंटे में किया गिरफ्तार

संजीव | नूरपुर
समर न्यूज़


पुलिस अधीक्षक नूरपुर कुलभूषण वर्मा। - समर न्यूज़

जिला नूरपुर में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस थाना ज्वाली के अंतर्गत आने वाले देहरी गांव में की गई छापेमारी में नशा माफिया के ठिकाने से भारी मात्रा में मादक पदार्थ और नकदी बरामद की गई। पुलिस ने मौके से 130 ग्राम चरस, 6.82 ग्राम चिट्टा (हेरोइन), 1,02,340 रुपये नकद और एक डिजिटल तराजू जब्त किया है।

पुलिस अधीक्षक नूरपुर कुलभूषण वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि छापेमारी के दौरान तीन आरोपियों रंजना देवी पत्नी मदन सिंह, सन्नी कुमार पुत्र मदन सिंह और सुनील कुमार उर्फ़ नोखा पुत्र मदन सिंह के घर की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान बरामद मादक पदार्थों को कब्जे में लेकर तीनों के खिलाफ थाना ज्वाली में एक्ट की धारा 20, 21 और 29-61-85 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

कार्रवाई के दौरान दो आरोपियों को मौके पर ही पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, जबकि सुनील कुमार अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गया। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर छापेमारी शुरू की और उसे पकड़ने के लिए तेज़ी से सर्च ऑपरेशन चलाया। पुलिस की त्वरित और पेशेवर कार्रवाई का परिणाम रहा कि पुलिस ने मात्र 12 घंटे के भीतर आरोपी सुनील कुमार उर्फ़ नोखा को उसके गांव देहरी से दबोच लिया। फिलहाल तीनों आरोपियों के खिलाफ न्यायिक प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है और पुलिस नशे के खिलाफ अपने अभियान को और कठोर तरीके से जारी रखेगी। पुलिस प्रशासन ने साफ कहा है कि नशे के कारोबार में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

# डंगे का मलबा गिरने से प्रवासी मजदूर की मौत

धर्मवीर। मडी
समर न्यूज़



नगर परिषद सुंदरनगर के सलाह वार्ड में डेंटल कॉलेज के समीप डंगे के निर्माण कार्य के दौरान एक बड़ा हादसा हो गया, जिसमें 26 वर्षीय प्रवासी मजदूर की मौत हो गई।

मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश निवासी संजीव कुमार के रूप में हुई है। हादसा उस समय हुआ जब संजीव डंगे के नीचे निर्माण कार्य में लगा हुआ था और अचानक भारी मलबा टूटकर उसके ऊपर आ गिरा। हादसे के वक्त संजीव की पत्नी और छोटा बच्चा भी वहीं मौजूद थे। गनीमत यह रही कि वे दोनों मलबे की चपेट में नहीं आए। मलबा गिरने की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन, डीएसपी सुंदरनगर, थाना प्रभारी और होमगार्ड की टीम मौके पर पहुंची। रेस्क्यू के दौरान जेसीबी की मदद से करीब आधे घंटे की कठिन कोशिशों के बाद संजीव को भारी मलबे से बाहर निकाला गया। हालांकि उसकी हालत बेहद नाजुक थी और सिविल अस्पताल ले जाते समय ही उसने दम तोड़ दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम सुंदरनगर अमर नेगी ने तुरंत राजस्व विभाग की टीम को मौके पर भेजा। अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और मृतक के परिवार को नियम अनुसार फौरी राहत देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सुंदरनगर थाना पुलिस ने दुर्घटना संबंधी मामला दर्ज कर लिया है और निर्माण कार्य की सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य पहलुओं की जांच शुरू कर दी है।

**समस्याएं**

### दर्द देखना है तो कुकलाह जाकर आएं जमीनी हक़ीक़त मालूम चल जाएगी: जयराम ठाकुर

# 5 माह से वैली ब्रिज नहीं बना, अब भी पैदल चल रहे 15 पंचायतों के लोग

समर न्यूज़ | मंडी


पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर। - समर न्यूज़

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री और उनके मंत्रियों से आग्रह किया है कि जनता का दर्द आंखों से देखना है तो मंडी पड्डल मैदान रैली स्थल से मात्र 20 किलोमीटर दूर पंडोह के कुकलाह जाकर आएं और आपको जमीनी हक़ीक़त मालूम चल जाएगी कि आखिर जनता किस हालात में है। आपदा के पांच महीने बाद भी यहां एक वैली ब्रिज तक सरकार बना नहीं पाई जिसके चलते मध्य सराज की 15 पंचायतों के लोगों को आज भी पीठ पर सामान लादकर अपने दुर्गम गांवों तक पहुंचना पड़ रहा है। यहां 29 जून की रात बाखली खड्ड में बाढ़ आने के बाद कुकलाह का बगलामुखी मंदिर और कलहनी-कशौड सड़क मार्ग पुल बह जाने के बाद पूरी तरह आवागमन के लिये बंद है। उन्होंने सराज विधानसभा के कुकलाह में आपदा प्रभावित परिवारों के बीच उनकी मांगों को सुना और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि एक सप्ताह के अंदर सम्पर्क मार्ग बहाल किया जाए और नदी को पार करने के लिए अस्थाई पुलिया बनाकर दी जाए ताकि लोग अपने वाहन आर पार कर सके। उन्होंने कहा कि मानसून में आई आपदा ने यहां काफी नुकसान किया था, जिसमें कुकलाह गांव को जोड़ने वाला सड़क मार्ग और पुल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए जिन्हें बहाल करने के लिए इस सरकार ने अभी तक भी कोई सुध नहीं ली है। गाँववासी अभी भी आवागमन के लिए वैकल्पिक मार्ग व पुल का उपयोग कर रहे हैं और कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। कुछ समय रोपवे से राशन ढुलाई और आवागमन फ्री करने का उन्होंने आग्रह किया था लेकिन बाद में सरकार ने कोई सुध नहीं ली।

आज ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्याएँ सुनीं और आवागमन बहाली व सहायता से संबंधित मुद्दों पर विस्तार से बात की है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री, राजस्व मंत्री और लोक निर्माण मंत्री डींगें तो बड़ी बड़ी हांकते हैं लेकिन जमीनी हकीकत की इन्हें कोई जानकारी नहीं होती। मैं पूछना चाहता हूं कि आखिर मंडी में ये सरकार किस बात का जश्न मनाने आ रही है। क्या इस बात के लिये कि यहां अभी भी आपदा पीड़ितों के जख्मों पर मरहम तक ये सरकार नहीं लगा पाई है। उन्होंने कहा कि ये केवल सराज की बात नहीं है। मुख्यमंत्री साथ लगते बंजार और कुल्लू विधानसभा क्षेत्र के उन इलाकों में भी नहीं पहुंच पाए हैं जहां आपदा से पूरे के पूरे गांव तबाह हुए हैं। लारजी का सारी, सैंज का मातला, बंजार का बांदल, कुल्लू का बागन गांव ऐसे हैं जहां सैंकडों लोग बेघर हुए हैं। सड़कें खस्ताहाल हैं और पुल टूटे हुए हैं। यही हाल दरंग और सदर मंडी के इलाकों का है। मुख्यमंत्री के पास जनता का दुखदर्द सुनने का समय ही नहीं है लेकिन जश्न मनाने के लिए करोड़ों रुपए फूंके जा रहे हैं। इन गांवों का ही दौरा करते तो हम मानते कि आप आपदा को लेकर गंभीर थे। हालात अभी भी जस के तस हैं। ऐसे में सरकार को सिर्फ़ तीन साल का जश्न मनाना है जिसके लिए इन्होंने वो इलाका चुना है जहां के लोग बरसात के जख्मों से अभी उभर नहीं पाए हैं। अकेले 70 से अधिक लोगों की जान बरसात में मंडी के सराज, नाचन, करसोग, सदर मंडी और बंजार में हुई है।

# चंबा में दिखा दुर्लभ सफेद रीसस मकाक बंदर

## वन्य जीवन इतिहास में दर्ज हुई एक रोमांचक खोज

मंजूर पठान। चंबा
समर न्यूज़


अत्यंत दुर्लभ सफेद रीसस मकाक (बंदर)। - समर न्यूज़

हिमाचल प्रदेश के वन्य जीवन इतिहास में एक रोमांचक खोज दर्ज हुई है। जिला चंबा के भरमौर उपमंडल के तुंदाह क्षेत्र के घने जंगलों में एक अत्यंत दुर्लभ सफेद रीसस मकाक (बंदर) देखा गया है। यह प्रदेश में इस प्रकार के बंदर का पहला दर्ज मामला माना जा रहा है, जिससे वन्यजीव विशेषज्ञों में उत्साह का माहौल है।

तुंदाह रेंज में तैनात वन रक्षक कुशल कुमार नियमित गश्त पर थे। अचानक उनकी नजर बंदरों के एक समूह पर पड़ी, जिसमें एक मादा बंदर की पीठ पर बैठे बच्चे का रंग पूरी तरह सफेद था। यह दृश्य इतना अनोखा था कि उन्होंने तुरंत अपने कैमरे में इस दुर्लभ क्षण को कैद कर लिया। वन्यजीव विशेषज्ञों ने बताया कि यह कोई नई प्रजाति नहीं, बल्कि सामान्य रीसस मकाक ही है, जो 'एल्बिनिज्म' नामक आनुवंशिक स्थिति से प्रभावित है। इस स्थिति में शरीर में मेलेनिन नामक रंगद्रव्य का निर्माण बहुत कम या नहीं के बराबर होता है, जिसके कारण त्वचा, बाल और आंखें सफेद दिखाई देती हैं। गौरतलब है कि भारत में ऐसा सफेद रीसस मकाक इससे पहले केवल 2022 में असम में देखा गया था। तुंदाह जंगल में इसका पाया जाना हिमाचल की जैव विविधता और पारिस्थितिकी संतुलन के लिए एक सकारात्मक संकेत माना जा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि जंगलों में एल्बिनो जीव का दिखना अत्यंत दुर्लभ घटना है, जो कई दशकों में एक बार ही देखने को मिलती है। वन विभाग ने अब इस क्षेत्र में विशेष निगरानी और सुरक्षा बढ़ा दी है ताकि इस अद्वितीय जीव को किसी तरह का नुकसान न पहुंचे।

वन रक्षक कुशल कुमार ने बताया कि विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई है और बंदर की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है। इसके साथ ही इस दुर्लभ घटना पर जल्द ही एक डॉक्यूमेंट्री भी तैयार की जाएगी, ताकि लोगों को वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा सके।

# भाजपा नेता की थार पर देर रात अज्ञात हमलावरों ने फायरिंग और तोड़फोड़ की

## सीसीटीवी कैमरों की जांच में जुटी पुलिस, संदिग्ध स्कॉर्पियो की तलाश तेज

समर न्यूज़ | मोहाली



फेज-1 के शांत माने जाने वाले इलाके में देर रात एक सनसनीखेज घटना ने शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। भाजपा नेता गुरदीप सिंह के घर के बाहर खड़ी थार गाड़ी को अज्ञात हमलावरों ने निशाना बनाते हुए उस पर फायरिंग की और जमकर तोड़फोड़ की। मंगलवार सुबह यह मामला तब सामने आया जब गुरदीप सिंह रोज की तरह जिम जाने के लिए घर से बाहर निकले। उन्होंने देखा कि उनकी थार का आगे का शीशा चकनाचूर है, बोनट में गहरा नुकसान है और कार के अंदर फायरिंग के दौरान चली गोली का खोल पड़ा हुआ है। यह देख वे चौंक गए और तुरंत पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। घर के बाहर और आसपास लगे CCTV कैमरों की जांच में सामने आया कि घटनास्थल के पास देर रात एक सफेद रंग की स्कॉर्पियो कार आई थी। फुटेज में कुछ युवक थार के पास आते दिखाई देते हैं। हालांकि रात का समय होने के कारण फुटेज में चेहरों की पहचान साफ नहीं हो पा रही है। गाड़ी के नंबर भी धुंधले दिख रहे हैं, जिसे पुलिस तकनीकी सहायता से ट्रेस करने की कोशिश कर रही है। पुलिस का मानना है कि हमलावर वारदात को अंजाम देने के बाद तुरंत इलाके से फरार हो गए। भाजपा नेता गुरदीप सिंह ने बताया कि उनका किसी से कोई व्यक्तिगत विवाद नहीं है और न ही उन्होंने किसी के खिलाफ कोई शिकायत या कार्रवाई की है। उनका कहना है कि अगर राजनीतिक कारण नहीं हैं तो फिर इस तरह का हमला क्यों किया गया, यह समझ से बाहर है। उन्होंने पुलिस से इस मामले में तेजी से जांच करने, दोषियों को गिरफ्तार करने और अतिरिक्त सुरक्षा देने की मांग की है। उन्होंने यह भी कहा कि उनके परिवार पर यह हमला मानसिक दबाव डालने की कोशिश प्रतीत होता है। इस मामले की जांच कर रहे आईओ एएसआई दविंदर सिंह ने बताया कि पुलिस इस मामले को गंभीर अपराध मानते हुए कई एंगल से जांच कर रही है। उन्होंने दावा किया कि CCTV फुटेज में दिखी संदिग्ध स्कॉर्पियो की पहचान जल्द कर ली जाएगी। इसके अलावा इलाके में लगे अन्य कैमरों की भी फुटेज जुटाई जा रही है ताकि हमलावरों की गतिविधियों का पता लगाया जा सके। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि हमलावरों का उद्देश्य केवल डराना था या किसी बड़े हमले की कोशिश की गई। इस घटना के बाद फेज-1 के निवासियों में भी डर का माहौल है। स्थानीय लोगों ने रात में सुरक्षा और गश्त बढ़ाने की मांग की है। उनका कहना है कि अगर राजनीतिक व्यक्ति के घर के बाहर इस तरह की वारदात हो सकती है, तो आम नागरिक कितना सुरक्षित है? लोगों ने प्रशासन से कड़े कदम उठाने और आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है। यह मामला न सिर्फ एक व्यक्ति या वाहन पर हमला है, बल्कि शहर की सुरक्षा व्यवस्था के लिए एक गंभीर चेतावनी के रूप में देखा जा रहा है।

### पफटा ने बॉलीवुड एक्टर धर्मेंद्र के जन्मदिन पर समागम किया आयोजित

# धर्मेंद्र एक जिंदादिल इंसान थे: निर्मल ऋषि

परदीप सिंह हैप्पी | मोहाली
समर न्यूज़

धर्मेंद्र एक ज़िंदादिल इंसान थे और उनकी ज़िंदगी एक खुली किताब जैसी थी उन्होंने अपनी जिंदगी बहुत बेबाकी से व्यतीत की। यह बात प्रगट करते हुए पंजाबी फिल्म एक्टर्स एसोसिएशन के प्रेसिडेंट पद्मश्री निर्मल ऋषि ने मशहूर बॉलीवुड एक्टर धर्मेंद्र को उनके जन्मदिन पर याद करते हुए प.फ.टा के दफ्तर में करवाए समागम दौरान सांझे किये। इस मौके पर सीनियर अदाकार सविंदर महल ने कहा धर्मेंद्र की खूबसूरती के चर्चे आज भी होते हैं, वहीं करमजीत अनमोल ने कहा कि धर्म जी हमेशा पंजाबी एक्ट्रेस के लिए इंस्पिरेशन रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं खुशकिस्मत हूं कि मुझे उनके साथ काम करने का मौका मिला। वहीं, ऑर्गनाइज़ेशन के सेक्रेटरी बी. एन. शर्मा ने कहा कि धर्मेंद्र जब भी किसी से मिलते थे, तो उन्हें ऐसा महसूस कराते थे जैसे वे पुराने जान-पहचान वाले हों, यानी वे सभी से अपनेपन के साथ मिलते थे। इस मौके पर मुंबई से एक्टर जुगनू और हरजीत वालिया ने भी धर्म जी के साथ अपने जुड़ाव के बारे में बताया। इस मौके पर इंडिया. अजीत फोटो भूषण वर्मा डॉ. रंजीत शर्मा, राज धालीवाल, बनिंदरजीत सिंह बनी, प्रकाश गढ़ू, रविंदर मंड, परमजीत भंगू, सानिया बाजवा, तेजिंदर तूर, सिकंदर सलीम, दीदार गिल, सुखविंदर राज, गुरविंदर मान, बाजवा और अमनदीप जोहल वगैरह भी मौजूद थे।

# एमबीए का पेपर दिलाने ले जा रहे पिता और बेटी की सड़क हादसे में हुई मौत

परदीप सिंह हैप्पी | मोहाली
समर न्यूज़



मोहाली के छत लाइटों के पास उस समय बड़ा हादसा हो गया जब वह अपनी बेटी को चंडीगढ़ में एम.बी.ए. का पेपर दिलाने ले जा रहे थे। अचानक सामने से एक ट्रक आ गया और हादसे में दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। इस घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। घायलों को मौके पर ही नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां दोनों को मृत घोषित कर दिया गया। उनकी पहचान रमेश कुमार और उनकी बेटी शर्मिला (25) निवासी बसंत विहार डेरा बस्सी के रूप में हुई है। रमेश के भाई चमेल सिंह ने बताया कि शर्मिला बनूड़ कॉलेज में एम.बी.ए. की पढ़ाई कर रही है। वह सेकंड ईयर की स्टूडेंट है। सोमवार को चंडीगढ़ के सेक्टर 32 में उसका एम.बी.ए. का पेपर होना था। रमेश कुमार अपनी बेटी शर्मिला को चंडीगढ़ एमबीए की परीक्षा दिलाने ले जा रहे थे। मोहाली के रूफ लाइट्स पर हुए इस भयानक हादसे में दोनों की मौत हो गई। ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है, लेकिन ट्रक ड्राइवर फरार बताया जा रहा है।

### स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन के ग्रैंड फिनाले का हुआ उद्घाटन

परदीप सिंह हैप्पी | मोहाली
समर न्यूज़

स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2025 सॉफ्टवेयर संस्करण' के ग्रैंड फिनाले का उद्घाटन नोडल केंद्र चंडीगढ़ इंजीनियरिंग कॉलेज और चंडीगढ़ ग्रुप ऑफ कॉलेजेज लांडरा में शानदार ढंग से किया गया। कार्यक्रम में भारत के विभिन्न राज्यों के मार्गदर्शकों सहित 200 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान, विभिन्न मंत्रालयों के तीन विभागों से प्राप्त 271 समस्या विवरण प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के दौरान, प्रतिभागी लगातार 36 घंटे तक दो दिनों तक कोडिंग करेंगे। इस वर्ष ग्रैंड फिनाले के लिए 1,360 से अधिक टीमों को छाँटा (शॉर्टलिस्ट किया) गया है। टी.आई.ई. चंडीगढ़ के उपाध्यक्ष और इनोवेटिव इंसेंटिव्स एंड रिवॉर्ड्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक ब्रह्म अलरेजा, सम्मानित थे।

### ▪ मोहाली कॉर्पोरेशन की हदबंदी में शामिल किए जाने का मामला

# सेक्टर-116 और 118 के निवासियों ने विधायक का किया धन्यवाद

परदीप सिंह हैप्पी | मोहाली
समर न्यूज़



विधायक का धन्यवाद करने के लिए निवासी पहुंचे। -समर न्यूज़

आज टी.डी.आई. सेक्टर-118, सेक्टर-116 के निवासियों ने मोहाली के विधायक कुलवंत सिंह से मुलाकात की। इस अवसर पर पत्रकारों से बात करते हुए विधायक कुलवंत सिंह ने कहा कि आज टी.डी.आई. के सेक्टर-116 और 118 से संबंधित निवासियों ने उनसे मुलाकात की है और उनके क्षेत्र को मोहाली कॉर्पोरेशन में शामिल करने के लिए वे विशेष रूप से यहां पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी की सरकार की हमेशा से पहली प्राथमिकता पंजाब के हर निवासी की बात को ध्यान से सुनना और समय रहते उसका हल करना रही है। उन्होंने कहा कि इन लोगों ने कुछ दिन पहले ही उनसे यह मांग रखी थी कि संबंधित क्षेत्र को मोहाली कॉर्पोरेशन की सीमा में शामिल किया जाना चाहिए। और उन्होंने इस संबंध में स्थानीय निकाय मंत्री और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान से बात की थी और इस क्षेत्र को मोहाली कॉर्पोरेशन की सीमा में शामिल कर लिया गया है। विधायक कुलवंत सिंह ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल द्वारा पिछले विधानसभा चुनावों में पंजाब की जनता से की गई गारंटियों और वादों को एक- एक करके पूरा किया जा चुका है और अब आने वाले समय में पंजाब का सर्वांगीण विकास बड़ी तेज़ी से होने जा रहा है। लिंक सड़कों की मरम्मत और पुरानी सड़कों के नवीनीकरण की प्रक्रिया में तेज़ी लाई जा रही है। अब विपक्षी पार्टियों के नेताओं के पास आम आदमी पार्टी की सरकार के खिलाफ बोलने के लिए कुछ नहीं रह गया है।

जिस उत्साह में पंजाब के लोगों ने आम आदमी पार्टी को 92 सीटें देकर पंजाब को चलाने की ज़िम्मेदारी सौंपी थी, उसे पंजाब के मुख्यमंत्री, मंत्रियों और विधायकों के अलावा आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता और समर्थक पूरी लगन और ईमानदारी से निभा रहे हैं। सेक्टर-79 स्थित आम आदमी पार्टी के दफ्तर में विधायक कुलवंत सिंह का धन्यवाद करने के लिए बड़ी संख्या में पहुंचे 118 और 116-सेक्टर के निवासियों ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि उन्होंने कुछ दिन पहले ही मोहाली के विधायक कुलवंत सिंह से मिलकर यह मांग रखी थी कि टी.डी.आई. सेक्टर-116 और सेक्टर-118 के क्षेत्र को मोहाली कॉर्पोरेशन की सीमा में शामिल किया जाना चाहिए ताकि इस इलाके का सर्वांगीण विकास हो सके और यहां के निवासी शहरी होने की सुविधाएं प्राप्त कर सकें। इस अवसर पर राजन शर्मा, अमृतपाल सिंह, बलवीर सिंह, संदीप बिंद्रा, पुनीत, अनिल शर्मा, संजय शर्मा, राजिंदर सिंह, सुच्चा सिंह, मनोज, जोगिंदर सिंह, बलबीर सिंह, सरबजीत सिंह, सुनील सेठ, हरविंदर सिंह सैनी, आर.पी शर्मा, अरुण गोयल भी उपस्थित थे।

### जिले में प्रेग्नेंट महिलाओं के लिए लगाए गए स्पेशल चेक अप कैंप



परदीप सिंह हैप्पी | मोहाली
समर न्यूज़

आज ज़िले के अलग-अलग सरकारी हेल्थ इंस्टीट्यूशन में प्रधानमंत्री सुरक्षा मातृत्व अभियान (पी.एम.एस.एम.ए) डे मनाया गया, जिसके तहत एक्सपर्ट डॉक्टरों ने प्रेग्नेंट महिलाओं का फ्री चेक-अप किया और उन्हें सेफ़ डिलीवरी के बारे में जानकारी दी गई। सिविल सर्जन डॉ. संगीता जैन और डिस्ट्रिक्ट फ़ैमिली वेलफ़ेयर ऑफिसर डॉ. तमन्ना सिंघल ने बताया कि इस प्रोग्राम के तहत हर महीने की 9 और 23 तारीख को प्रेग्नेंट महिलाओं, खासकर हाई-रिस्क प्रेग्नेंट महिलाओं का फ्री चेक-अप किया जाता है। इस प्रोग्राम का मुख्य मकसद दूसरी और तीसरी तिमाही में प्रेग्नेंट महिलाओं की जांच करना और हाई-रिस्क प्रेग्नेंट महिलाओं की पहचान करके उन्हें सही इलाज देना है।

# मांगों पर अड़े सीटीयू बस चालक, हड़ताल से यात्रियों और छात्रों को हुई परेशानी



समर न्यूज़ | चंडीगढ़

सीटीयू बस चालकों की अनिश्चितकालीन हड़ताल ने शहर के सार्वजनिक परिवहन तंत्र को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। सोमवार सुबह से ही बस अड्डों पर यात्रियों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। दफ्तरों, बाज़ार और स्कूलों के लिए रोजाना बसों पर निर्भर रहने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्कूल टाइम में बस न आने के कारण कई विद्यार्थी स्कूलों के बाहर घंटों खड़े रहे। कुछ अभिभावकों को अपने वाहनों से बच्चों को लेने- छोड़ने आना पड़ा, जिससे सड़कों पर अतिरिक्त दबाव देखने को मिला। प्रशासन ने हड़ताल को अवैध ठहराते हुए चेतावनी दी है कि हड़ताल का समर्थन करने वाले कर्मचारियों पर भी एस्मा (जरूरी सेवाएं बनाए रखने की अधिनियम) लागू किया जा सकता है। हड़ताल के चलते लॉन्ग रूट पर चलने वाली बसों की सेवाएं रोक दी गई हैं और चालकों को केवल लोकल रूट पर लगाया गया है, जिसके बावजूद बस सेवाएं बाधित हैं। चालक पुराने रोस्टर को बहाल करने की मांग पर अड़े हैं। उनका कहना है कि वर्तमान रोस्टर से समय और वेतन दोनों पर असर पड़ता है। हड़ताली चालकों का कहना है कि जब तक पुराना रोस्टर लागू नहीं किया जाएगा, वे काम पर नहीं लौटेंगे। इस हठ के चलते शहर की बस सेवाएं अस्त-व्यस्त हैं और यात्री परेशान होकर निजी वाहनों या ऑटो का सहारा लेने पर मजबूर हो रहे हैं।

# ट्राइसिटी में बढ़ेगी ठंड, तीन दिन शीतलहर का यलो अलर्ट, सावधानी की अपील

*चंडीगढ़| चंडीगढ़, मोहाली और पंचकूला में ठंड लगातार तेज होती जा रही है। उत्तरी हिमालयी क्षेत्रों से चल रही सर्द हवाओं के कारण तापमान सामान्य से नीचे पहुंच गया है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के लिए शीतलहर का यलो अलर्ट जारी करते हुए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। सोमवार को शहर का अधिकतम तापमान 25.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान गिरकर 8.9 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। यह सामान्य से करीब 1.6 डिग्री कम रहा। तापमान में इस गिरावट का असर सुबह और देर रात सड़कों पर साफ दिखाई दिया, जहां आमतौर पर दिखने वाली भीड़ काफी कम रही और लोगों ने ठिठुरन महसूस की। मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले दिनों में न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री और कमी दर्ज हो सकती है। विभाग ने बुजुर्गों, बच्चों और बीमार व्यक्तियों को विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी है, क्योंकि यह वर्ग ठंड के अधिक प्रभाव में आता है। हल्की धुंध भी कई इलाकों में देखी गई, जिससे दृश्यता थोड़ी कम हुई। हालांकि फिलहाल कोहरे का असर ज्यादा नहीं है, लेकिन तापमान में और कमी के साथ कोहरा बढ़ सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने सलाह दी है कि लोग सुबह-शाम बाहर निकलते समय गर्म कपड़े पहनें और सिर, कान और पैरों को ढककर रखें। ठंड में वायरल संक्रमण, सर्दी-जुकाम और जोड़ों के दर्द जैसी समस्याओं से बचने के लिए पर्याप्त पानी पीने, पौष्टिक भोजन लेने और प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने पर जोर दिया गया है।*



### मिनी मार्केट की दुकान में चोरी की कोशिश

**चंडीगढ़**| सेक्टर-47 में चोरी की वारदातें लगातार बढ़ रही हैं और इससे दुकानदारों में दहशत का माहौल है। पिछले 15 दिनों के भीतर यहां यह तीसरी चोरी का मामला सामने आया है। ताज़ा घटना सेक्टर 46/47 मिनी मार्केट की है, जहां मंगलवार तड़के करीब 3 बजे दो युवक एक दुकान का ताला तोड़कर अंदर घुसने की कोशिश करते दिखाई दिए। CCTV फुटेज में साफ नज़र आता है कि दोनों युवक पहले ताला तोड़ते हैं, इसके बाद सरिए की मदद से शटर उठाने की कोशिश करते हैं। कुछ देर तक प्रयास करने के बावजूद शटर पूरी तरह नहीं खुल पाया, जिसके चलते वे दुकान में प्रवेश नहीं कर सके। इससे पहले की दो घटनाओं में भी इसी तरह के युवकों की CCTV फुटेज सामने आई थी, जो दुकानों को निशाना बनाते दिखे थे। घटना की जानकारी मिलते ही दुकानदारों ने 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने दुकानदारों के बयान दर्ज कर DDR बनाई और फुटेज को जांच के लिए अपने कब्जे में ले लिया है। दुकानदारों और मार्केट प्रधानों का आरोप है कि पुलिस गश्त की कमी के चलते चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। उनका कहना है कि कई बार शिकायत के बावजूद उच्च अधिकारी बाजार क्षेत्र में नियमित गश्त बढ़ाने पर ध्यान नहीं दे रहे।

# डिवाइडिंग रोड पर चलती बीएमडब्ल्यू में लगी आग

### ▪ युवक की जान बाल-बाल बची



समर न्यूज़ | चंडीगढ़

सेक्टर 22/23 की डिवाइडिंग रोड पर देर रात उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब चलते-चलते अचानक एक बीएमडब्ल्यू कार में भीषण आग लग गई। यह कार सेक्टर-15 निवासी साहिल चला रहा था, जो मोहाली फेज-12 से अपनी 2013 मॉडल बीएमडब्ल्यू को सर्विस करवाकर घर लौट रहा था। सेक्टर 22/23 रोड पर पहुंचते ही कार के बोनट से अचानक धुआं उठने लगा। स्थिति भांपते ही साहिल तुरंत गाड़ी से बाहर निकल गया। कुछ ही सेकंड में कार आग की लपटों में घिर गई और देखते ही देखते पूरी बीएमडब्ल्यू जलकर राख हो गई। घटना के बाद सड़क पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। दमकल विभाग ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कार पूरी तरह जल चुकी थी। साहिल ने बताया कि कार का इंश्योरेंस नहीं था, जिससे उसे भारी नुकसान झेलना पड़ा। मौके पर पहुंचे सेक्टर-22 चौकी इंचार्ज सुदेश ने साहिल को समझाते हुए कहा, “बेटा, गाड़ी से ज्यादा कीमती जान होती है। गाड़ी दोबारा आ सकती है, लेकिन जान नहीं। तुम समय रहते बाहर निकल आए, यही सबसे बड़ी बात है।” उन्होंने यह भी बताया कि कुछ सेकंड की देरी होती तो आग लगने के बाद कार ऑटोमेटिक लॉक हो सकती थी, जिससे बड़ा हादसा हो सकता था। गनीमत रही कि साहिल की सतर्कता से एक बड़ी जानलेवा घटना टल गई।

**योग** | मोरनी में वुमानी ने किया सेल्फ-हीलिंग ट्रैवल कैंप का आयोजन

# महिलाओं ने मेडिटेशन और मौन साधना से सीखे तनाव मुक्त होने के गुर

समर न्यूज़ | पंचकूला



महिलाओं को सशक्त बनाने के मिशन को आगे बढ़ाते हुए वुमानी डॉट कॉम सिटी ब्यूटीफुल की महिलाओं के लिए सेल्फ-हीलिंग कैंप का आयोजन किया। यह यात्रा सुबह शहर की भागदौड़ से दूर, शांत वातावरण वाले मांधना गांव की ओर प्रस्थान से शुरू हुई। यह विशेष कैंप प्रतिभागियों को स्वयं से जुड़ने और मानसिक-भावनात्मक रूप से पुनर्जीवित होने का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। कैंप की शुरुआत ट्रैकिंग से हुई, जो महिलाओं को मंदिर की पहाड़ी तक ले गई। पर्वतीय दृश्यों के बीच आयोजित गाइडेड मेडिटेशन, ग्राउंडिंग एक्सरसाइज और मौन साधना ने प्रतिभागियों को तनाव मुक्त होने और आंतरिक शांति से जुड़ने में सहायता की। इसके बाद प्रतिभागी महिलाओं ने चंद्रावल कुंज में आयोजित क्रिएटिव एक्सप्रेशन, रिलैक्सेशन एक्टिविटी, प्रेरणादायक चर्चाओं और आत्म-चिंतन में समय बिताया। इंटरएक्टिव गेम्स, शेयरिंग सर्किल और मेडिटेशन सत्रों ने ऐसा माहौल तैयार किया, जिसमें हर महिला ने खुद को सम्मानित, सुना और समर्थित महसूस किया। वुमानी डॉट कॉम की संस्थापिकाएं कंचन गुप्ता और लवलीन धालीवाल ने कहा कि उनका उद्देश्य महिलाओं के लिए सुरक्षित, प्रेरणादायक और हीलिंग स्पेस बनाना है, जहां वह स्वतंत्रता, आत्म-अन्वेषण और भावनात्मक संतुलन का अनुभव कर सकें। यह ट्रैवल कैंप महिलाओं को दैनिक तनावों से दूर ले जाकर अपने भीतर झाँकने का अवसर देने के लिए तैयार किया गया। प्रतिभागी कोमल, सुमन, नीतू, रजनी, मनजीत, जस्सी, साक्षी, चेतना, हेंसी और ललिता ने कहा कि यह ट्रैवल कैंप उनके लिए बेहद सुखद और यादगार अनुभव रहा। इसने उन्हें मानसिक रूप से हल्का और ताज़ा महसूस कराया। गतिविधियां प्रेरणादायक थीं, वातावरण बेहद सहयोगी था और हमें खुद से दोबारा जुड़ने का सुंदर मौका मिला। हम भविष्य में भी ऐसे कैंप में भाग लेना चाहेंगी।

# महाराष्ट्र के खंडोबा मंदिर में खेली जाती है हल्दी की होली, मणि के बिना भगवान मार्तंड भैरव के दर्शन अधूरे



**पुणे**। महाराष्ट्र के जेजुरी में स्थित खंडोबा मंदिर में हर साल दिसंबर के महीने में भक्त हल्दी की होली खेलते हैं। भक्त दूर-दूर से भगवान शिव के मार्तंड भैरव स्वरूप की पूजा करने के लिए आते हैं।

माना जाता है कि भगवान मार्तंड भैरव के दर्शन तब तक अधूरे माने जाते हैं, जब तक भक्त राक्षस मणि के दर्शन पूरे नहीं कर लेते। इसके पीछे का कारण एक पौराणिक कथा में छुपा है। इसके मुताबिक जब ब्रह्मा पृथ्वी की रचना कर रहे थे तो उनकी पसीने की बूंद से मल्ल और मणि राक्षसों का जन्म हुआ। दोनों राक्षसों ने मिलकर धरती पर उत्पात मचाना शुरू कर दिया और कई बेगुनाह लोगों को मौत के घाट उतार दिया।

ऐसे में भक्तों ने भगवान शिव से प्रार्थना की। अपने भक्तों को बचाने के लिए भगवान शिव खंडोबा या मार्तंड भैरव रूप में प्रकट हुए। उन्होंने अपनी तलवार से मल्ल राक्षस का वध किया। अपने भाई की मौत को देखकर मणि ने भगवान शिव के सामने आत्मसमर्पण किया और क्षमा मांगी।

भगवान शिव ने प्रसन्न होकर मणि को क्षमा किया और उसे अपने मंदिर में स्थान भी दिया। खंडोबा मंदिर में भगवान शिव के मार्तंड भैरव रूप की पूजा होती है। यह रूप भगवान शिव का सबसे अनोखा रूप है। इस रूप में भगवान शिव योद्धा अवतार में हैं और उनके हाथ में बड़ी तलवार है। मार्तंड भैरव घोड़े पर सवार होकर भक्तों की रक्षा करने के लिए मौजूद हैं।

भगवान शिव के मार्तंड भैरव रूप की गिनती उनके उग्र रूपों में की जाती है, जो अपनी तलवार से बुरी महाशक्तियों का नाश करते हैं।

शत्रुओं पर विजय पाने के उपलक्ष्य में यहां हल्दी की होली होती है और भगवान शिव को भी हल्दी अर्पित की जाती है। मंदिर के मुख्य द्वार पर भी राक्षस मणि की छोटी सी प्रतिमा विराजमान है।

मंदिर में हर साल 42 किलो की तलवार उठाने की प्रतियोगिता भी रखी जाती है।

माना जाता है कि इसी तलवार से भगवान मार्तंड भैरव ने राक्षसों का संहार किया था। ऐसी मान्यता है कि अगर विवाह में देरी हो रही है या कोई संतान सुख से वंचित हैं, तो महाराष्ट्र में स्थापित इस मंदिर में हर मनोकामना को पूरा करने की शक्ति है। भक्त दूर-दूर से भगवान शिव के योद्धा अवतार के दर्शन करने आते हैं।

# उत्तराखंड के अल्मोड़ा शहर में हनुमान जी से नाराज हैं लोग

## बिना इजाजत पर्वत ले गए थे हनुमान जी

**अल्मोड़ा**। जहां बात भक्त और भक्ति की होती है, वहां सबसे पहले नाम हनुमान का लिया जाता है। हनुमान ने भगवान राम की भक्ति पूरे मन और अपनी श्वास के कण-कण से की। भगवान श्रीराम के बिना हनुमान का कोई अस्तित्व नहीं है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि उत्तराखंड में ऐसा एक शहर है, जहां भगवान राम की पूजा तो होती है, लेकिन हनुमान की नहीं? भगवान राम की पूजा में हनुमान का नाम हमेशा रहा है, लेकिन देवभूमि उत्तराखंड के अल्मोड़ा में बसा एक छोटा सा गांव आज भी हनुमानजी से नाराज है। वहां के लोग भगवान राम के साथ कभी भी हनुमान का नाम नहीं लेते हैं। द्रोणागिरि गांव में बने मंदिर में भगवान राम की प्रतिमा मौजूद है। लेकिन, हनुमान की नहीं। पूजा-पाठ में राम का नाम लिया जाता है, लेकिन हनुमान का नहीं। इस नाराजगी के पीछे एक पौराणिक कथा है, जिसे गांव के लोग आज भी मानते हैं। यह कहानी रामायण काल से जुड़ी है। कहा जाता है कि जब युद्ध में लक्ष्मण को शक्ति बाण लगा था, तब वे मूर्छित होकर गिर पड़े थे। ऐसे में उनकी जान बचाने के लिए भगवान राम ने हनुमान जी को संजीवनी बूटी लाने का आदेश दिया था। संजीवनी लेने के लिए हनुमान द्रोणागिरि गांव आए थे और वहां बिना किसी की इजाजत के पूरा पहाड़ उठाकर ले गए थे। इस बात से पर्वत के रक्षक, पूजनीय लोक देवता लाटू, नाराज हुए। हनुमान का बिना इजाजत लिए पर्वत को ले जाना उन्हें अपमान लगा। कहा यह भी जाता है कि जब हनुमान पर्वत को ले जा रहे थे, तब पर्वत देवता ध्यान में थे और हनुमान की वजह से उनकी तपस्या भंग हो गई। इतना ही नहीं, जिस हिस्से को हनुमान ने पर्वत से अलग किया था, वहां से आज भी लाल रंग का पानी निकलता है, जिसे वहां के स्थानीय लोग पर्वत देवता का रक्त मानते हैं। इसी कथा के बाद से गांव में हनुमान जी का पूजन वर्जित माना गया। द्रोणागिरि गांव में घरों या मंदिरों में हनुमान के नाम की पताका भी नहीं लगाई जाती है और न ही उनकी पूजा की जाती है। पूरा गांव आज भी हनुमान जी से नाराज है और कोई अपने मुख से उनका नाम भी नहीं लेता।



# वसीम अकरम आईपीएल की आलोचना कर बने फैंस की नाराजगी का शिकार




**नई दिल्ली**। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और दिग्गज गेंदबाज वसीम अकरम ने पाकिस्तान में एक कार्यक्रम के दौरान बिना नाम लिए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की आलोचना की और पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) की प्रशंसा की। अकरम को आईपीएल पर अपनी प्रतिक्रिया के लिए सोशल मीडिया पर भारतीय फैंस की नाराजगी का सामना करना पड़ रहा है। पीएसएल से जुड़े एक प्रमोशन कार्यक्रम में वसीम अकरम ने कहा, "पीएसएल और बीबीएल बेहतरीन टी20 लीग हैं। दोनों लीग 35 से 40 दिन के अंदर समाप्त हो जाती हैं। इसलिए विदेशी खिलाड़ी इन दोनों लीग में खेलना चाहते हैं। वहीं कुछ ऐसी भी लीग हैं कि 'बच्चे बड़े हो जाते हैं, लीग खत्म ही नहीं होती।' दो-ढाई या तीन महीने का समय हर एक के लिए बहुत ज्यादा लंबा हो जाता है।" अकरम ने यहां आईपीएल का नाम नहीं लिया, लेकिन उनका इशारा निश्चित रूप से आईपीएल की तरफ ही था। आईपीएल दुनिया में सबसे ज्यादा दिन तक खेली जाने वाली लीग है। बीसीसीआई द्वारा संचालित इस लीग में दस टीमें खेलती हैं और लगभग दो महीने तक यह लीग खेली जाती है।

अकरम ने कहा कि जब भी मैं लीग क्रिकेट के बारे में फैंस से बात करता हूं, तो गेंदबाजी के बारे में पीएसएल का नाम आता है। पीएसएल नंबर वन लीग है। इस कार्यक्रम में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी भी उपस्थित थे। उन्होंने भी पीएसएल को नंबर वन लीग बताया।

वसीम अकरम आईपीएल से लंबे समय तक बतौर कोच और कमेंटेटर जुड़े रहे हैं। आईपीएल दुनिया की सर्वश्रेष्ठ लीग है, और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर इस लीग का हिस्सा बनने को उत्साहित रहते हैं। इसके बावजूद अकरम का पीएसएल की आलोचना करना भारतीय फैंस को रास नहीं आया है। फैंस अकरम पर जिस थाली में खाया, उसी में छेद करने जैसा आरोप लगा रहे हैं।

सोशल मीडिया पर वसीम अकरम को भारी विरोध का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें ट्रोल किया जा रहा है।

2008 में मुंबई में हुए आतंकी हमलों में पाकिस्तान का नाम सामने आने के बाद से ही पाकिस्तानी क्रिकेटरों की आईपीएल में एंट्री बैन है।

# इंग्लैंड को बड़ा झटका, मार्क वुड एशेज सीरीज से बाहर

**नई दिल्ली**। एशेज सीरीज में 0-2 से पीछे चल रही इंग्लैंड को तगड़ा झटका लगा है। तेज गेंदबाज मार्क वुड एशेज सीरीज से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह मैथ्यू फिशर को टीम में शामिल किया गया है।

ईसीबी ने मंगलवार को बताया, "मार्क वुड इंजरी की वजह से एशेज सीरीज से बाहर हो गए हैं। रिहैबिलिटेशन और रिकवरी प्रक्रिया शुरू करने के लिए वह स्वदेश लौटेंगे।

वह ईसीबी की मेडिकल टीम के साथ मिलकर रिकवरी पर काम करेंगे। उनकी जगह मैथ्यू फिशर को टीम में शामिल किया गया है।"

मार्क वुड ने चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान इंजर्ड होने के बाद पर्थ में खेले गए एशेज सीरीज के पहले टेस्ट में वापसी की थी।

उसी टेस्ट में वुड को फिर से घुटने में समस्या आ गई। वह सिर्फ 11 ओवर फेंक सके थे। ब्रिसबेन में खेले गए दूसरे टेस्ट से वह बाहर हो गए थे। माना जा रहा था कि एडिलेड या मेलबर्न में वह वापसी कर सकते हैं, लेकिन अब उन्हें पूरी सीरीज से बाहर होना पड़ा है। वुड का करियर चोटों से परेशान रहा है। कई बार वह इंजरी की वजह से लंबे-लंबे समय तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दूर रहे हैं। 35 साल के वुड यह स्वीकार कर चुके हैं कि उनका शरीर अब पहले की तरह नहीं रहा। उन पर उम्र का असर हावी हो रहा है। 145 किलोमीटर की रफ्तार से गेंदबाजी भी उनके लिए मुश्किल हो रही है। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज मार्क वुड इंग्लैंड के लिए टी20 विश्व कप 2026 तक फिट नहीं हो पाए तो फिर उनकी वापसी बेहद मुश्किल होगी।

वुड की जगह टीम में शामिल किए गए मैथ्यू फिशर ने इंग्लैंड के लिए अब तक सिर्फ एक टेस्ट खेला है। 28 साल के फिशर ने 2022 में अपना एकमात्र टेस्ट वेस्टइंडीज के खिलाफ ब्रिजटाउन में खेला था। उस टेस्ट में उन्होंने 1 विकेट लिए थे।

बता दें कि ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड भी एशेज सीरीज से बाहर हो गए हैं।



# अनिल कुंबले: 21 साल पहले खत्म की थी कपिल देव की बादशाहत



**नई दिल्ली**। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और अपनी कप्तानी में 1983 का विश्व कप जिताने वाले कपिल देव ने भारत की तरफ से सर्वाधिक 434 टेस्ट विकेटों के साथ 23 मार्च 1994 को संन्यास लिया था। उस समय माना गया था कि कपिल देव का यह रिकॉर्ड मुश्किल ही टूटेगा। क्रिकेट में हर रिकॉर्ड कभी-न-कभी टूटने के लिए बनता है। कपिल देव के रिकॉर्ड को उनके संन्यास के ठीक दस साल बाद अनिल कुंबले ने तोड़ दिया। भारतीय टीम 2004 में बांग्लादेश के दौरे पर थी। 10 दिसंबर को ढाका में पहला टेस्ट शुरू हुआ और 13 दिसंबर को समाप्त हुआ। इस टेस्ट में भारतीय टीम ने पारी और 140 रन से जीत दर्ज की थी। भारतीय टीम की जीत के साथ-साथ यह टेस्ट अनिल कुंबले द्वारा कपिल देव के सर्वाधिक टेस्ट विकेटों का रिकॉर्ड तोड़ने के लिए जाना जाता है। ढाका टेस्ट के पहले ही दिन मोहम्मद रफीक के रूप में कुंबले ने अपना 435वां टेस्ट विकेट लिया। पारी में कुंबले ने 2 और कुल 4 विकेट लिए थे। अनिल कुंबले ने अपने 91वें टेस्ट में 435 विकेट के आंकड़े को छुआ, जबकि कपिल देव ने 131 टेस्ट में 434 विकेट लिए थे।

उस टेस्ट में इरफान पठान ने पहली पारी में 5 और दूसरी पारी में 6 विकेट लिए थे। 11 विकेट लेने वाले पठान प्लेयर ऑफ द मैच रहे थे।

अनिल कुंबले ने 2 नवंबर 2008 को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा था। कुंबले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारत की तरफ से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। टेस्ट और वनडे दोनों ही फॉर्मेट में कुंबले शीर्ष भारतीय गेंदबाज हैं।

कुंबले ने 132 टेस्ट में 619 और 271 वनडे में 337 विकेट लिए हैं। सभी फॉर्मेट मिलाकर सर्वाधिक अंतरराष्ट्रीय विकेट लेने के मामले में अनिल कुंबले मुरलीधरन, वॉर्न और एंडरसन के बाद चौथे स्थान पर हैं। सर्वाधिक टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में भी कुंबले मुरलीधरन, वॉर्न और एंडरसन के बाद चौथे स्थान पर हैं।

# मैनचेस्टर यूनाइटेड ने प्रीमियर लीग में लगातार अपनी 5वीं जीत दर्ज की



**मैनचेस्टर**। मैनचेस्टर यूनाइटेड ने प्रीमियर लीग में लगातार अपनी 5वीं जीत दर्ज की। मैनचेस्टर यूनाइटेड ने वॉल्व्स को 4-1 से हराया। इस जीत के साथ ही मैनचेस्टर यूनाइटेड ने प्रीमियर लीग के टॉप छह में जगह बना ली। फर्नांडीस का पहले हाफ का गोल हाफ टाइम से ठीक पहले जीन-रिकनर बेलेगार्ड ने कैंसिल कर दिया था, लेकिन ब्रायन मबेउमो ने दूसरे हाफ की शुरुआत में ही यूनाइटेड की बढ़त वापस दिला दी। मेसन माउंट ने 62वें मिनट में तीसरा गोल किया, जिसके बाद फर्नांडीस ने 82वें मिनट में पेनल्टी पर गोल करके टीम को बड़ी जीत दिलाई। जीत के साथ छठे नंबर की यूनाइटेड के 25 पॉइंट हो गए, जो चेल्सी के बराबर है, जो पांचवें नंबर पर है।

यह वॉल्व्स की लगातार आठवीं हार थी। वॉल्व्स दो पॉइंट के साथ टेबल में सबसे नीचे है और अपने ऊपर की टीम बर्नले से आठ पॉइंट पीछे है। हमने एक गोल किया और हमने वुल्व्स को गेम में थोड़ा वापस आने दिया। पहले हाफ के आखिर में हमें दिक्कत हुई, लेकिन दूसरे हाफ में हमारी गति अच्छी थी। हमने सही फैसले लिए। हमने गेम खत्म किया और वुल्व्स एक मुश्किल दौर से गुजर रही है।

उन्होंने कहा, "हमने चार गोल किए, लेकिन हमारे पास बहुत सारे शॉट थे। मुझे लगता है कि अगर आप पिछले सीजन और इस सीजन की तुलना करें, तो हमने बहुत सुधार किया है।

वॉल्व्स के कोच रॉब एडवर्ड्स ने कहा, "हमने मैच में वापसी की थी, लेकिन लगातार गोल लगने की वजह से मैच हमसे दूर चला गया। मैच के बड़े पलों में, हमने उन्हें बॉल वापस देने पर जोर दिया। हमें खराब खेल की सजा मिल रही है। हमें अपने खेल में लगातार सुधार करने और अच्छा खेलने की कोशिश करनी होगी।"

**लाडोवाल टोल प्लाज़ा हादसा:** बोरियों में आए शव, पोस्टमार्टम में डॉक्टरों की भी कांप उठी रूह

# तेज रफ्तार ने छीनी 5 जिंदगियां, सिर धड़ से हुआ अलग, शव की पहचान तक करनी हुई मुश्किल

अशवनी पाहवा | लुधियाना
समर न्यूज़

रविवार देर रात लाडोवाल टोल प्लाजा के पास हुए हादसे में मृतकों के शव का पोस्टमार्टम मंगलवार को तीन डॉक्टरों के बोर्ड ने किया। मंजर कुछ ऐसा था कि पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टरों की भी रूह कांप उठी। कारण था कि शवों को बोरियों में से निकालकर उनके शरीर जोड़कर देखना पड़े। कोई भी शव पूरा नहीं था। किसी के शरीर का सिर पूरा नहीं था तो किसी के शरीर की अंतड़िया खिलरी हुई थी। एक युवक और एक नाबालिग युवती का तो सिर धड़ से अलग था। एक युवती का तो चेहरे के हालत कुछ ऐसे थे कि उसकी पहचान होना भी मुश्किल था। ऐसे में डॉक्टरों को उक्त युवती के शव का डीएनए करवाना पड़ा। वहीं, अन्य नाबालिग युवती के शरीर के दो हिस्से हुए पड़े थे जिसको जोड़ कर उसका पोस्टमार्टम करना पड़ा।



मुर्दाघर के अंदर पोस्टमार्टम होता हुआ। -समर न्यूज़

अस्पताल में तीन डॉक्टरों के बोर्ड ने मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम किया। बोर्ड में डॉक्टर विशालदीप चोपड़ा, डॉ सुमेनता नरूला और डॉ हरप्रीत सिंह रहे। डॉक्टर के अनुसार सभी शवों का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिए गए हैं। वहीं, शवों में से जांच के लिए विसरा लेकर खरड़ स्थित फॉरेन्सिक लैब में भेजा गया है। विसरा रिपोर्ट आने के बाद इस बात की पुष्टि की जाएगी कि हादसे के वक्त उक्त लोगों ने किसी तरह का नशा किया था या नहीं। मृतका जश्नप्रीत कौर की छाती की कई पसलियां टूटी हुई मिली और पेट में गंभीर चोटें पाई गईं। वहीं, हादसे में उसका चेहरा बुरी तरह से खराब हो गया। उसकी पहचान होना भी मुश्किल थी। जिसके चलते पुलिस ने शव में से हड्डी का सैंपल लेकर डीएनए जांच के लिए रखवाया। डीएनए का क्रॉस मैच उसके परिजनों के साथ किया गया। दूसरी नाबालिग युवती अर्शप्रीत कौर का शरीर दो हिस्सों में बंट गया था और उसके सिर में गहरी चोट थी।

कार चालक सिमरनजीत सिंह के पेट में गंभीर चोटें आई और उसकी मौत हेड इंजरी की वजह से हुई। मृतक सतपाल सिंह के सिर पर गहरी चोट के साथ दाईं टांग की हड्डी पूरी तरह टूट चुकी थी। तीसरे युवक बीरपाल सिंह उर्फ़ बीरू के सिर में गंभीर चोटें आई और छाती की पसलियां टूट गई। डॉक्टरों के अनुसार सभी युवाओं की मौत मौके पर ही अत्यधिक आंतरिक चोटों के कारण हो गई थी।

▪ **क्या है मामला...** *रविवार देर रात लुधियाना के लाडोवाल टोल प्लाजा के पास तेज रफ्तार वरना कार का हादसा हुआ था। जिसमें दो नाबालिग युवतियों सहित पांच की मौत हुई थी। घटना ने पूरे क्षेत्र को हिला कर रख दिया था। यह हादसा उस समय हुआ जब वरना कार में सवार सभी पांच युवक-युवतियां देर रात साउथ सिटी रोड से लाडोवाल की तरफ आ रहे थे। जहां रास्ते में कार की गति अधिक होने पर कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई। जिसके बाद कार सवार युवक व युवतियों के शव पुल के नीचे जा गिरे। मृतकों में तीन युवक जगराओं इलाके के रहने वाले थे, जबकि दोनों नाबालिग युवतियां मोगा जिले के अलग-अलग गांवों की निवासी बताई जा रही हैं। हादसा इतना भयानक था कि किसी के बचने की संभावना तक नजर नहीं आई।*





सिविल अस्पताल निर्माण में मजदूरों की जिंदगी दांव पर, बिना हार्नेस ऊंचाई पर काम करते हुए मजदूर। -लक्की भट्टी

▪ न्यू विवेक नगर में नियमों की उड़ रही धज्जियां, कमिश्नर के आदेश बेअसर

# बिना मंजूरी चल रहे निर्माण, बिल्डिंग बायलॉज की उल्लंघना

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़

वार्ड नंबर 91 के न्यू विवेक नगर में अवैध निर्माण का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। क्षेत्र में कई नए निर्माण बिना मंजूरी के चल रहे हैं, वहीं कुछ इमारतों में तो कमर्शियल बेसमेंट तक बनाए जा रहे हैं, जो साफ तौर पर बिल्डिंग बायलाज की खुली उल्लंघना है। स्थिति यह है कि शिकायतों के बावजूद मौके पर निगम को मामला नज़र ही नहीं आता और बिल्डर ने आगे दीवार कर दी की आगे किसी व्यक्ति की नजर न पड़े मनमाने तरीके से काम जारी रखे हुए हैं।



नियमों के खिलाफ बनती बिल्डिंग। -समर न्यूज़

जानकारी के मुताबिक नगर निगम कमिश्नर आदित्य डेचलवाल ने अवैध निर्माण की बढ़ती शिकायतों को देखते हुए सोमवार को एमटीपी को मौके पर जांच के आदेश दिए थे। हालांकि कमिश्नर ने स्पष्ट कहा था कि क्षेत्र में हो रहे हर अवैध निर्माण की तुरंत रिपोर्ट दी जाए और जरूरी कार्रवाई की जाए।

लेकिन, मंगलवार को न्यू विवेक नगर में हालात इसके बिल्कुल उलट दिखे। गेट के बाहर नगर निगम के द्वारा नोटिस लगाया गया था, उसे वहां से उतरवा दिया और दिनभर निर्माण कार्य जारी रहा न तो किसी अधिकारी की मौजूदगी दिखी, न ही किसी स्तर पर रोकथाम होती नजर आई। इस सबंधी एटीपी को फ़ोन किया गया उन्होंने फ़ोन उठाना मुनासिब नहीं समझा। हालाँकि कुछ दिन पहले संबंधित एटीपी जगदीप खंगूरा ने बताया कि बिल्डिंग का नक्शा मंजूर नहीं करवाया गया था और इस स्थान पर कमर्शियल बिल्डिंग का निर्माण मान्य नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि पास में बन रही दूसरी इमारत की भी जांच करवाई जाएगी। मगर उनकी ये बातें अधिकारियों मिलीभगत का इशारा कर रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिल्डरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे खुलेआम अवैध बेसमेंट खोद रहे हैं, जबकि वहां कोई भी कमर्शियल उपयोग की अनुमति नहीं है।

## कंटेनर ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को मारी टक्कर और चालक की मौत हुई

शेखर वर्मा | लुधियाना
समर न्यूज़

समराला चौक फ्लाईओवर पर सोमवार देर रात करीब 10:30 बजे एक दर्दनाक हादसा हो गया। जालंधर बाईपास से फोकल प्वाइंट की ओर जा रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली को पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार कंटेनर ने जबरदस्त टक्कर मार दी। हादसे में ट्रैक्टर चला रहे गुरप्रीत सिंह (निवासी नीची मंगली) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके बेटे हरदीप सिंह को चोटें आईं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार फ्लाईओवर पर तेज रफ्तार भारी वाहनों की आवाजाही रात के समय ज्यादा रहती है। इसी बीच अचानक कंटेनर के अनियंत्रित होकर टक्कर मारने से ट्रैक्टर-ट्रॉली के परखच्चे उड़ गए। टक्कर लगते ही ट्रैक्टर कुछ दूरी तक घिसटता चला गया और ट्रैक्टर चालक गुरप्रीत सिंह पुल के बीच बने गैप से नीचे गिर पड़े। जिसे लहूलुहान हालत में सीएमसी अस्पताल में ले जाया गया, जहा डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित किया। अस्पताल में घायल हरदीप सिंह ने बताया कि हादसा कुछ ही सेकंड में हो गया। उन्हें होश आने पर पता चला कि उनके पिता ट्रैक्टर पर नहीं थे। नीचे देखने पर पता चला कि वे पुल से नीचे गिरे पड़े हैं। राहगीरों की मदद से वे तुरंत अपने पिता को ई-रिक्शा में डालकर सीएमसी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने गुरप्रीत सिंह को मृत घोषित कर दिया। हादसे में हरदीप को मामूली चोटें आई। हरदीप ने बताया कि अस्पताल में पहुंचने के बाद उसने देखा कि पिता का मोबाइल फोन और नगदी से भरा पर्स गायब था, जिसे किसी राहगीर ने घटनास्थल से उठा लिया। गुरप्रीत सिंह परिवार के अकेले कमाने वाले थे। पीछे पत्नी, एक बेटा और एक बेटी हैं, जो अभी पढ़ाई कर रहे हैं। अचानक हुए इस हादसे ने पूरे परिवार से उसका सहारा छीन लिया है। गांव में घटना की खबर मिलते ही मातम पसर गया और रिश्तेदारों में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना मिलते ही थाना डिवीजन नंबर 7 की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

## सबसे बड़े कमर्शियल प्रोजेक्ट को ग्लाडा ने एलओआई किया जारी

समर न्यूज़ | लुधियाना

साउथ सिटी लुधियाना स्थित ओसवाल ग्रुप की प्रमुख रियल एस्टेट कंपनी वर्धमान अमरांते को बड़े स्तर पर राहत मिली है। कंपनी को संबंधित विभागों से चेंज ऑफ लैंड यूज, लेआउट अप्रूवल और लेटर ऑफ इंटेंट की मंजूरी मिल गई है। यह मंजूरी पंजाब सरकार की इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है और शहर में एक नए शहरी लाइफस्टाइल डेस्टिनेशन की शुरुआत का रास्ता खोलती है। ओसवाल ग्रुप के चेयरमैन आदिश ओसवाल ने कहा हम पंजाब सरकार के सहयोग के लिए दिल से धन्यवाद करते हैं, जिसने इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाने में अहम भूमिका निभाई है। यह प्रोजेक्ट हमारी स्थिरता, उत्कृष्टता और सभी मानकों के पालन की प्रतिबद्धता को साबित करता है और इंटीग्रेटेड अर्बन डेवलपमेंट का नया मानक तय करेगा।

## शादी समारोह में खूनी झड़प, सोने की चेन भी लूटी, 9 लोगों के खिलाफ हुआ मामला दर्ज

अशवनी पाहवा | लुधियाना
समर न्यूज़

लुधियाना के एक मैरिज पैलेस में चल रही शादी उस समय तनावग्रस्त माहौल में बदल गई, जब डांस स्टेज पर भांगड़ा करते समय बारातियों के दो समूह आपस में भिड़ गए। झड़प में दो लोग घायल हो गए, जबकि एक महिला की सोने की चेन लूटने का भी आरोप लगा है। मामला माछीवाड़ा थाना क्षेत्र का है। थाना प्रभारी पवित्र सिंह के अनुसार शिकायतकर्ता गुरजीत सिंह ने पुलिस को बताया कि वह अपने मामा के बेटे बलवीर सिंह की शादी में आया था। इसी दौरान रिश्तेदार मनिंदर सिंह, जगजीत सिंह, मलकीत सिंह, दीदार सिंह और अजमेर सिंह स्टेज पर पहुंचे और उसके दोस्त दलजीत सिंह के सिर पर शराब की कांच की बोतल मार दी। आरोप है कि इन लोगों ने गुरजीत सिंह पर भी हमला कर उसे घायल कर दिया।झगड़े में हस्तक्षेप करने आई गुरजीत की बहन और मां के साथ भी मारपीट की गई और उनके गले में पहनी सोने की चेन छीन ली। शिकायतकर्ता के अनुसार यह झगड़ा पुरानी रंजिश के चलते हुआ। उसने बताया कि आरोपी मनिंदर सिंह उसका मौसीपुत्र है और उससे लंबे समय से नाराजगी रखता था। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात हमलावरों सहित कुल 9 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

▪ **भड़काऊ गाने चलाकर विवाद बढ़ाया गया...** दूसरी ओर, आरोपी पक्ष के अजमेर सिंह ने कहा कि वह अपने भतीजे की शादी में शामिल हुआ था। उसके अनुसार कुछ अनजान लोग, जिन्हें परिवार ने शादी में नहीं बुलाया था, विरोधी पक्ष के एक रिश्तेदार के साथ आए थे। ये लोग भड़काऊ गाने बजा रहे थे, जिससे विवाद शुरू हुआ। आरोप है कि इसी दौरान गुरजीत सिंह और उसके साथी उनकी पार्टी पर टूट पड़े। अजमेर सिंह ने बताया कि बाद में जब वह समराला अस्पताल से लौट रहा था, तो दूसरी पार्टी ने रास्ते में उसे घेरकर हमला किया और उसकी थार गाड़ी को भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। वाहन फिलहाल माछीवाड़ा थाने में खड़ा है, जबकि उसका एक रिश्तेदार अस्पताल में उपचाराधीन है। थाना प्रभारी पवित्र सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं।

## कार साइड करने को लेकर हुई फायरिंग, आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज

सौरव अरोड़ा | लुधियाना
समर न्यूज़

कबीर नगर में सोमवार रात उस समय हड़कंप मच गया जब कार साइड करने को लेकर हुआ मामूली विवाद अचानक राइफल से फायरिंग तक पहुंच गया। रात करीब 8:37 बजे गली में चली गोली की आवाज सुनकर लोग घरों से बाहर निकल आए और पूरे इलाके में अफरा-तफरी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मौके का मुआयना किया। फिलहाल आरोपी के खिलाफ धारा 125 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पीड़ित सुखवंत सिंह ने बताया कि वह अपने साथियों मनजीत सिंह मान और बिक्कर सिंह के साथ कोहाड़ा से घर लौट रहा था। जैसे ही वह स्कॉर्पियो लेकर अपनी गली में पहुंचा, वहां एक ग्रैंड विटारा सड़क के बीच खड़ी मिली। सुखवंत ने गाड़ी हटाने के लिए पास ही मौजूद सुखविंदर सिंह नंबरदार से विनती की कि वह गाड़ी साइड कर दें, जिससे वह अपनी स्कॉर्पियो घर तक ले जा सके। बस इसी बात पर नंबरदार तैश में आ गया। सुखवंत के अनुसार, नंबरदार ने गुस्से में कहा कि गाड़ी वहीं खड़ी रहेगी और उसने साइड करने से इनकार कर दिया। बहस बढ़ने पर सुखवंत ने माहौल खराब होते देख अपनी गाड़ी पास के जिम में पार्क कर दी और बाइक से निकलने लगा। उसी दौरान नंबरदार ने फोन कर उसे रुकने को कहा। कुछ ही मिनटों में हालात तब बिगड़ गए, जब सुखविंदर सिंह नंबरदार राइफल लेकर पैदल ही गली में पहुंच गया।

## पेपर व कॉटन-गत्ता फैक्ट्री में लगी आग, 18 से ज्यादा दमकल की गाड़ियां ने बुझाई आग

अशवनी पाहवा | लुधियाना
समर न्यूज़

शेरपुर रोड के निकट इंडस्ट्रियल एरिया-सी स्थित टेक्सटाइल कॉलोनी में अचानक आग लग गई। फैक्ट्री में पेपर और कॉटन-गत्ता तैयार किया जाता था। सुबह करीब 8:30 बजे के आसपास लगी इस आग ने कुछ ही मिनटों में पूरी यूनिट को अपनी चपेट में ले लिया। फैक्ट्री मालिक ने बताया कि उन्हें सुबह फोन पर आग लगने की सूचना मिली थी। जब वे मौके पर पहुंचे, तब तक आग इतनी फैल चुकी थी कि अंदर जाना और कुछ बचाने का प्रयास करना भी असंभव हो गया था। यूनिट में बड़ी मात्रा में पेपर रोल, कॉटन, गत्ता और अन्य ज्वलनशील सामग्री रखी हुई थी, जिसके कारण आग ने बेहद



फैक्ट्री में आग लगने के बाद उठता धुआं। -समर न्यूज़

तेजी से विकराल रूप ले लिया। फायर अधिकारी विजय ने बताया कि सुबह 8:40 बजे उन्हें फैक्ट्री में आग लगने की सूचना मिली। पहले चरण में दो फायर टेंडर भेजे गए, लेकिन मौके पर पहुंचते ही पता चला कि आग बहुत बड़ी है। इसके बाद एक-एक करके अन्य स्टेशनों से भी गाड़ियां बुलानी पड़ीं। उन्होंने कहा कि अब तक 18 से अधिक फायर टेंडर आग बुझाने में लगाए जा चुके हैं और सभी टीमें मिलकर लगातार लपटों को काबू करने में जुटी रहीं। अधिकारियों के अनुसार जांच में शॉर्ट सर्किट को आग लगने का संभावित कारण माना जा रहा है, क्योंकि आग फैक्ट्री के उसी हिस्से में शुरू हुई, जहां भारी मशीनरी और इलेक्ट्रिक कनेक्शन थे। मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया।

**सम्मेलन** वेटरनरी यूनिवर्सिटी में वन हेल्थ विषय पर होगी अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी

# 11 और 12 दिसंबर को होगा संगोष्ठी का आयोजन

समर न्यूज़ | लुधियाना

गुरु अंगद देव वेटरनरी एंड एनिमल साइंसेज यूनिवर्सिटी, लुधियाना का सेंटर फॉर वन हेल्थ आगामी 11–12 दिसंबर 2025 को इंडियन एसोसिएशन ऑफ वेटनरी पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट्स के 21वें वार्षिक सम्मेलन के साथ अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन कर रहा है। यह संगोष्ठी वन हेल्थ को आगे बढ़ाना मानव, पशु और पर्यावरण स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए अवधारणा से क्रियान्वयन तक विषय पर आधारित होगी। इस दो-दिवसीय कार्यक्रम में देशभर से 200 से अधिक विद्वानों, शोधकर्ताओं, वैज्ञानिकों और पेशेवरों के भाग लेने




गुरु अंगद देव वेटरनरी एंड एनिमल साइंसेज यूनिवर्सिटी। - समर न्यूज़

की उम्मीद है, जो जन स्वास्थ्य, पशु विज्ञान, पर्यावरण अध्ययन तथा संबंधित क्षेत्रों से जुड़े हैं। संगोष्ठी का उद्देश्य वन हेल्थ की अवधारणा को व्यावहारिक कार्यों में बदलना तथा आधुनिक स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटने के लिए मानव, पशु और पर्यावरण स्वास्थ्य के आपसी संबंधों पर जोर देना है। इस आयोजन में कई महत्वपूर्ण विषयों जैसे कि पशुओं से मनुष्यों में फैलने वाली बीमारियां, एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस, खाद्य सुरक्षा, जैविक सुरक्षा, पर्यावरणीय प्रदूषक, उभरते रोगजनक और एकीकृत निगरानी पद्धतियां पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर मानव, पशु, पक्षी तथा पर्यावरण स्वास्थ्य को मजबूत करने के लिए सहयोग तथा रणनीतियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। मानव और पशु स्वास्थ्य, पर्यावरण, वन्य जीवन तथा औद्योगिक क्षेत्रों के प्रतिष्ठित विशेषज्ञ और विभिन्न विश्वविद्यालयों के वैज्ञानिक इस संवाद का हिस्सा बनेंगे। ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और बेल्जियम से आ रहे अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि अपनी वैश्विक समझ और अनुभव साझा करके चर्चा को और अधिक सार्थक बनाएंगे। कार्यक्रम में व्याख्यान, चर्चाएं और वैज्ञानिक प्रस्तुतियों से जुड़े सत्र शामिल होंगे, जिनका उद्देश्य वन हेल्थ अवधारणा को आज की परिस्थितियों में प्रभावी ढंग से लागू करना है।

## हवन यज्ञ वातावरण को सकारात्मक और शुद्ध ऊर्जा पैदा करता है: अमन ऋषि जैन

• सिद्ध पीठ महाबली संकटमोचन श्री हनुमान मंदिर में हुआ हवन यज्ञ

समर न्यूज़ | लुधियाना

सिद्ध पीठ महाबली संकटमोचन श्री हनुमान मंदिर जोशी नगर शंकराचार्य नगर (हैबोवाल कलां) में श्रृंखलाबद्ध 1306 वां हवन यज्ञ किया गया। हवन यज्ञ मंदिर प्रधान अमन जैन की चेयरमैन ऋषि जैन, उपप्रधान अनुज मदान की अध्यक्षता में किया गया जिसमें सौभाग्यशाली यजमान परिवार व भक्तों द्वारा मंगल कामना के साथ भक्तों ने हवन यज्ञ में आहुतियां डाली। हवन यज्ञ को मंदिर के आचार्य आचार्य पंडित विष्णु, पंडित देवी दयाल, पंडित राम, पंडित संजय, पंडित सुरेश, पंडित विश्राम,



हवन यज्ञ में भक्तों के साथ पूजन करते उपप्रधान अनुज मदान। -समर न्यूज़

पंडित नारायण द्वारा पूर्ण मंत्र उच्चारण के संपन्न कराया गया। इस अवसर पर भक्तों ने मंगल कामना के साथ हवन यज्ञ में आहुतियां डाल विश्व शांति की प्रार्थना की। इस अवसर पर प्रधान अमन जैन, उपप्रधान अनुज मदान ने कहा कि हवन यज्ञ में आहुतियां डालने से आध्यात्मिक उन्नति, वातावरण की शुद्धि, देवताओं का आह्वान और नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है, उन्होंने कहा कि यज्ञ में स्वाहा कहकर सामग्री अग्नि देव के माध्यम से देवताओं तक पहुंचाई जाती है, जिससे सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य और मानसिक शांति मिलती है।

## विधायक बग्गा ने सड़क का किया शुभारंभ

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़

हल्का उतरी के वार्ड नंबर 95 में 57 लाख रुपये की लागत से होने वाले सड़क निर्माण कार्य की शुरुआत मंगलवार को कर दी गई। विधायक चौधरी मदन बग्गा ने निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस दौरान पार्षद कश्मीर कौर, पार्षद पति अशोक कुमार समेत इलाके के कई निवासी मौजूद रहे। विधायक बग्गा ने कहा कि वार्ड में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता है। सड़क बनने से लोगों की रोजमर्रा की आने-जाने की मुश्किलें कम होंगी। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य को गुणवत्तापूर्ण तरीके से और तय समय सीमा में पूरा किया जाए।

ग्रुप एडिटर: अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्या: CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 95